

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-23 | सीहोर, शुक्रवार 07 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# योगी सरकार के बुल्डोजर पर सुप्रीम ब्रेक, कोर्ट ने कहा- घर बनाकर देने होंगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूपी सरकार के बुल्डोज़र एक्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसकों लेकर कोर्ट ने कहा कि प्रयागराज में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना लोगों के घर गिराए जाने के मामले पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई चौंकाने वाली है और बेहद गलत उदाहरण पेश करती है। कोर्ट ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। इसके साथ कोर्ट ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घरों को ध्वस्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की।

सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय ओका और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने घरों को तोड़े जाने को अत्याचारी कदम बताया है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि सरकार को लोगों को मकान वापस बना कर देना होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया, यह कार्रवाई चौंकाने वाली है और गलत संदेश देती है। इसे ठीक करने की जरूरत है। आप घरों को तोड़कर ऐसे एक्शन क्यों ले रहे हैं। हम जानते हैं कि इस तरह के तकनीकी तर्कों से कैसे निपटना है। आखिरकार अनुच्छेद 21 और आश्रय के अधिकार जैसी कोई चीज होती है। सुप्रीम कोर्ट में




जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवाओं और एक अन्य व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई चल रही थी, जिन्होंने सरकार पर गैर कानूनी तरीके से घरों को गिराने के आरोप लगाए हैं। वहीं सरकार के मुताबिक जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की थी, जो 2023 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।इस पूरे मामले को लेकर इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करने कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय से गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मार्च 2021 में शनिवार रात को नोटिस दिया गया और रविवार को घर तोड़ दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा है कि राज्य को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। वहीं सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि लोगों को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था। हालांकि जस्टिस ओका इससे असहमत थे। जस्टिस ओका ने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा।

### हाईकोर्ट भेजने की मांग खारिज

इस दौरान अटॉर्नी जनरल ने मामले को हाईकोर्ट में स्थांतरित करने की मांग की। AG ने कहा, मैं डिमोलिशन का बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन इस पर हाईकोर्ट को विचार करने दें। हालांकि कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा, बिल्कुल नहीं। दोबारा हाईकोर्ट नहीं जाना चाहिए। तब मामला टल जाएगा। कोर्ट ने कहा कि ध्वस्त किए गए घरों का पुनर्निर्माण करना होगा। कोर्ट ने कहा, इसका पुनर्निर्माण करना होगा। अगर आप हलफनामा दाखिल करके विरोध करना चाहते हैं तो ठीक है, अन्यथा दूसरा कम शर्मनाक तरीका यह होगा कि उन्हें निर्माण करने दिया जाए और फिर कानून के अनुसार उन्हें नोटिस दिया जाए।

## महाकुंभ में होने वाला था आतंकी हमला

### यूपी और पंजाब पुलिस ने प्लान किया फेल, आरोपी गिरफ्तार




लखनऊ (ए.)। यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक सक्रिय आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आतंकी के पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस करके जानकारी सांझा की है। उन्होंने बताया कि आतंकी लाजर लगातार आईएसआई के संपर्क में था। पाकिस्तान में बैठे कुछ हैंडलर उसे लगातार ड्रोन और गोला बारूद और असलहे भेज रहे थे।

## खालिस्तानी ने लंदन में पुलिस के सामने जयशंकर पर हमले की कोशिश की

लंदन (ए.)। लंदन में खालिस्तानी चरमपंथियों ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय की है, जब वह चैटम हाउस थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कार से वापस लौट रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में नजर आ रहा है कि एक आदमी जयशंकर के वाहन के पास आता है और लंदन के पुलिस अधिकारियों के सामने तिरंगे को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, इसे लेकर भारत या ब्रिटेन सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि खालिस्तानी कई मौकों पर जयशंकर समेत कई भारतीय अधिकारियों को धमकियां जारी कर चुके हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को लंदन में खालिस्तानी चरमपंथियों ने जयशंकर पर हमला करने की कोशिश की। ब्रिटेन और आयरलैंड से जुड़ी अपनी छह दिवसीय यात्रा के दौरान विदेश मंत्री सिलसिलेवार ढंग से उच्चस्तरीय वार्ता, विदेश नीति संबंधी कार्य और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई रफ्तार देगी।उन्होंने जानकारी दी है कि बुधवार को ब्रिटेन में उनके समकक्ष डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय संबंधों समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई। लैमी ने जयशंकर की मेजबानी की। केंट के शेवेनिंग हाउस में दो दिन तक दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।

## भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिलकर करेंगे काम : सीएम डॉ. यादव



श्रीकृष्ण गमन स्थलों को चिन्हित किया जाएगा

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के संदर्भ में मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार एकमत है। हम राजस्थान सरकार के साथ मिलकर श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के विकास के लिए हम गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप तो स्तुत्य है ही, हमारी सरकार उनके दूसरे महत्वपूर्ण पक्षों को भी समाज के समक्ष प्रकाश में लाएगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करना, सुदामा से मित्रता निभाना, वनवासी से प्रेम और गुरू-शिष्य परम्परा की मिसाल कायम करने जैसे प्रसंग शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को (समत्व भवन) मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थेमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए सभी समितियों को सक्रिय किया जाए। पुरातत्वविदों, धर्माचार्यों एवं भगवान श्रीकृष्ण साहित्य के अच्छे लेखकों को भी इस समिति में जोड़ा जाए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के हरसिल की यात्रा के दौरान शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम के तहत प्रदर्शित एक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए.

# बिहार में 40 किमी की रफ्तार से आएगा तूफान, उप्र सहित 14 राज्यों में बारिश



नई दिल्ली (ए.)। नॉर्थ-ईस्ट असम और उसके आस-पास एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके कारण मौसम का मिजाज बदल सकता है। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में प्रभाव डालने की संभावना है। बिहार में बारिश के साथ आंधी, बिजली गरजने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 7 और 8 मार्च को गंगा से सटे पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलीं। इसके कारण इन राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। असम में भी हल्की बारिश हुई। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश में दिन और रात के तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट आई, जबकि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में 3-4 डिग्री की गिरावट आई।

आज कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, विदर्भ, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलती रहेंगी और इसके बाद वे धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। पूर्वी असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। लक्षद्वीप और केरल में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। राजस्थान और गुजरात में अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में और गिरावट हो सकती है।

## शादी के बंधन में बंधे भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या

बेंगलुरु (आरएनएस)। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या गुरुवार को शादी के बंधन में बंध गए। उनकी शादी से संबंधित कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। उन्होंने चेन्नई की मशहूर सिंगर और भरतनाट्यम डांसर शिवश्री स्कंदप्रसाद से शादी की है। उनके शादी समारोह में तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई, प्रताप सिम्हा और अमित मालवीय समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। शादी समारोह में करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों को ही आमंत्रित किया गया था। शिवश्री ने शास्त्र विश्वविद्यालय से बायोइंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद उन्होंने चेन्नई विश्वविद्यालय से भरतनाट्यम में एमए की डिग्री हासिल की। शिवश्री का अपना यूट्यूब चैनल भी है, जिसके दो लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिवश्री की कला से प्रभावित होकर उनकी तारीफ कर चुके हैं। साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके गाने की तारीफ किए जाने के बाद वह सुर्खियों में आई थीं।

## रंगला पंजाब बनाने के लिए हर पंजाबी दे साथ, कोई भी नशीला पदार्थ बेचता दिखे तो बताएं, फौरन होगी कार्रवाई



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को मोहाली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि अगर कहीं पर कोई नशीला पदार्थ बेचता दिखे, तो फौरन उसकी जानकारी दें। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

भगवंत मान ने सिटी सर्विलांस और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद ये बातें कही। उन्होंने अपने संबोधन में मुख्य रूप से पंजाब में नशे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमने पंजाब में नशे के खिलाफ एक युद्ध छेड़ा है। यह फैसला एक दिन में लिया जाने वाला फैसला नहीं है। इसे लेने में लंबा समय लगा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि ड्रग्स की सप्लाई लाइन तोड़ दीजिए। अब सप्लाई लाइन तो आप दो दिन में तोड़ देंगे, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा। अगर आप सप्लाई लाइन तोड़ेंगे, तो इससे हमारे युवा नशे के लिए तड़पेंगे। ऐसी स्थिति में उनकी हालत पहले से भी बदतर हो जाएगी। इसी स्थिति से बचने के लिए हमने राज्य में पुनर्वास केंद्र बनाने का फैसला किया है।

## तीसरी आंख

बोफोर्स कांड की जांच आ सकता है नया मोड़




# शहर ब्लाक कांग्रेस द्वारा प्रहलाद पटेल का पुतला दहन

### जनता जनार्दन को भिखारी बताने वाले मंत्री प्रहलाद पटेल दे इस्तीफा : निशांत वर्मा



सीहोर (निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शहर ब्लाक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को स्थानीय कोतवाली चौराहे पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन कर गगन भेदी नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताये जाने की ओछी मानसिकता, घृणात्मक-निकृष्ट सोच और भाजपा सरकार की महिला, किसान, युवा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस जनता के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर जनहित में लड़ाई लड़ने को तैयार है। शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है। जब प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख बहनों ने अपनी मेहनत की कमाई पर अधिकार मांगा, तो सरकार में बैठे पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रहलाद पटेल और उनकी पार्टी ने उन्हें भिखमंगा कहकर अपमानित किया। भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है, अब जनता के सामने भाजपा का असली चेहरा सामने आ चुका है। हम इसका घोर विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि प्रहलाद पटेल तत्काल अपना इस्तीफा दें। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों को पुरजोर विरोध करती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, डॉ.अनीस खान, ओम बाबा राठौर, पवन राठौर, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, विवेक राठौर, हसीन कुरेशी, डॉ.मारूती राव, रामायारण शुक्ला, हरीश आर्य, भगत सिंह तोमर, के.के.रिछारिया, पंकज शर्मा, चीनू ठाकुर, घनश्याम मीणा, ममता शर्मा, विनीत गोयल, सहीद लाला मंसूरी, नायाब खान, आसिफ अंसारी, असरफ अली, दीपक सोनकर, मनीष मेवाड़ा, यश यादव, विजय वर्के सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अपनी ही संपत्ति का करेगी आकलन, सांगला को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली (ए.)। पूरे में देश में अलग अलग जगहों पर पड़ी कांग्रेस की संपत्ति को व्यवस्थित करने के लिए कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नया विभाग गठित करने की घोषणा के साथ ही एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष विजय इंदर सिंगला को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इस विभाग को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तहत स्थापित किया गया है और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पार्टी की संपत्तियों का सही लेखा-जोखा तैयार करना, उनकी मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और उनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करना है।



यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब कांग्रेस कई राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई है। बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत कर रही है। इस नए विभाग के जरिए पार्टी अपनी संपत्तियों का प्रभावी प्रबंधन कर सकेगी और चुनावी तैयारियों के लिए संसाधनों का सही इस्तेमाल करने में सक्षम होगी। इस विभाग की जिम्मेदारी पूर्व सांसद और पंजाब सरकार में मंत्री रह चुके विजय इंदर सिंगला को सौंपी गई है। सिंगला वर्तमान में एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष भी हैं और अब उन्हें कांग्रेस की संपत्तियों के प्रबंधन की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है।

# महाकाल लोक परिसर की तरह एकात्म धाम का करें विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## ओंकारेश्वर अंचल के समग्र विकास के लिए समय–सीमा में कार्य करें पूर्ण



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में दिए निर्देश

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आदि शंकराचार्य ने बाल्यकाल में प्रदेश के ओंकारेश्वर में आकर निवास किया। उनके दर्शन और शिक्षाओं को आज भी प्रासंगिक माना जाता है। सम्पूर्ण समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करने वाले आदि शंकराचार्य की विशाल प्रतिमा ओंकारेश्वर में स्थापित है। प्रतिमा स्थल सहित सम्पूर्ण ओंकारेश्वर के समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य सम्पन्न किए जाएं। सिंहस्थ : 2028 तक ओंकारेश्वर भी उज्जैन की तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने, इस दिशा में सभी प्रयास किए जाएं। यह स्थान प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र है। उन्होंने कहा कि एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शिव पंचायतन मंदिर परिसर का विकास महाकाल लोक की तरह किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) के सभाकक्ष में एक बैठक में एकात्म धाम, ओंकारेश्वर के विकास के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृति विभाग द्वारा तैयार प्रजेंटेशन भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में सुविधाओं के विकास से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और अन्य पर्यटकों की संख्या निश्चित ही बढ़ेगी। नागरशैली में अयोध्या के राम मंदिर की तरह इस आस्था स्थल में मंदिर का निर्माण प्रदेश की विशेष पहचान में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एकात्म धाम और क्षेत्र में आने-जाने के सुविधाजनक मार्गों के निर्माण और प्रस्तावित रोप-वे की व्यवस्था के लिए समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण किया जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैयाराजा टी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भोपाल में तीन महीने पराली जलाने पर रोक

भोपाल(आरएनएस)। भोपाल जिले में अगले 3 महीने तक पराली जलाने पर रोक लगा दी गई है। एडीएम सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को यह आदेश जारी किए। उल्लंघन करने पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।आदेश अगले 5 मई 2025 तक लागू रहेगा।एडीएम जैन ने सभी एसडीएम को पराली जलाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। 3 महीने पहले भी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने NGT (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश का पालन करते हुए पराली जलाने पर रोक लगाई थी, जो अब तक पूरे जिले में लागू है। इसके बाद अब फिर से रोक लगा दी गई है।भोपाल जिले में बड़े पैमाने पर पराली (नरवाई) जलाई जाती है, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है। वहीं, कई बार खेतों की आग रहवासी इलाकों में भी पहुंच चुकी है। जिससे आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है।आदेश में-खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन संपत्ति एवं प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जन्तु नष्ट हो जाते हैं। जिससे नुकसान होता है।खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है। जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।



मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में विकसित मध्य प्रदेश के 2047 की बैठक मंत्रालय में हुई।

## निगम अमले ने 285 प्रकरणों में 29 हजार 250 रुपये का स्पॉट फाईन वसूला

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के दलों ने 285 प्रकरणों में 29 हजार 250 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देष पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने बुधवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने एवं सम्पत्ति विरूपण करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने व शहर की सुंदरता को बिगाडने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में निम्नानुसार स्पॉट फाईन/जुर्माने की राषि वसूल की। निगम प्रषासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग पूरी तरह से सुनिष्चित करें और शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# नेमावर में जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगति पर



### परियोजना की लागत 21 करोड़ रूपये

भोपाल (ए.)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा देवास जिले के नेमावर में जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत नेमावर क्षेत्र में शुद्ध जल आपूर्ति के लिए अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की लागत लगभग 21 करोड़ रूपये है। नेमावर में जल को शुद्ध करने के लिए 2.21 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) क्षमता का जल शोधन संयंत्र निर्माणाधीन है। यह संयंत्र क्षेत्र की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, जल के संग्रहण के लिए 100 किलोलीटर और 500 किलोलीटर क्षमता के दो ओवरहेड टैंक भी बनाये जा रहे है। इनका निर्माण तेज गति से चल रहा है। नेमावर के साथ-साथ खातेगांव नगर परिषद क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति के लिए नर्मदा तट पर नवीन इंटेक वेल का निर्माण भी तेज गति से जारी है। प्रत्येक घर तक शुद्ध जल पहुँचाने के लिए लगभग 37 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से अब तक 13 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इस योजना से करीब 1200 घरों को नल जल कनेक्शन दिए जाने हैं। इनमें से 576 घरों को कनेक्शन दिये जा चुके है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद नेमावर के लगभग 6 हजार से अधिक निवासियों को शुद्ध और सुरक्षित जल की आपूर्ति होगी। नेमावर परियोजना को एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता पूरा किया जा रहा है। परियोजना के संचालन और संधारण के साथ इसकी कुल लागत लगभग 21 करोड़ रुपये है। परियोजना के पूरा होने के बाद, नेमावर के निवासियों को शुद्ध जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

## मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर कांग्रेस पूरी तरह हमलावर,भाजपा बैकफुट पर

### -भोपाल में कई जगह कॉग्रेसियो ने जलाया मंत्री का पुतला



भोपाल(ए)। मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के दिये गये विवादित बयान को लेकर कांग्रेस पूरी तहर से हमलावर हो गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को कॉग्रेंस ने प्रदेशभर के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इसी कड़ी में भोपाल में नेहरू नगर और चंचल चौराहे पर कॉग्रेसियो ने मंत्री पटेल के पुतले जलाए। राजधानी भोपाल के भोपाल के चंचल चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया गया। इसके साथ उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग की गई। उधर तुलसी नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नेहरू नगर चौराहे पर मंत्री पटेल का पुतला जलाया। गौरतलब है की 1 मार्च को राजगढ़ जिले के सुठालिया में मंत्री पटेल ने जनता के मांग पत्रों को भीख करार दे दिया था। उन्होंने कहा था, अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता आते हैं, तब लोग उन्हें मंच पर माला पहनाएंगे और एक पत्र पकड़ा देंगे। नेताओ को एक टोकरा भर तो कागज मिलते हैं। यह अच्छी आदत नहीं है। लेने की बजाय देने का मानस बनाएं। बयान के विवाद हो लेकर 10 मार्च को भोपाल में किसान कांग्रेस भी प्रदर्शन करेगी।

## रेलवे सुरक्षा बल की ईमानदारी और सतर्कता से यात्री को लौटा नकदी व दस्तावेजों से भरा बैग




भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेल यात्रियों की सुरक्षा और उनकी संपत्तियों की रक्षा के लिए रेलवे प्रशासन सतर्कता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आज रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के ड्यूटी स्टाफ ने ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए एक यात्री का महत्वपूर्ण सामान सुरक्षित लौटाया।

घटना उस समय की है जब भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर ड्यूटी के दौरान आरक्षक आरिफ को एक लावारिस पिट्ठू बैग मिला। बैग की जांच गवाहों के समक्ष की गई तो उसमें 21,800 नगद और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज पाए गए। दस्तावेजों का अवलोकन करने पर एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ, जिस पर संपर्क करने पर बैग के वास्तविक मालिक का पता चला। बैग के मालिक अंकित जैन, जो कि सागर जिले के बीना तहसील निवासी एवं पेशे से ठेकेदार हैं, ने सूचना मिलने पर बताया कि वह भोपाल स्टेशन पर कार्य कर रहे थे और खाना खाने के दौरान अनजाने में अपना बैग प्लेटफार्म पर भूल गए थे। उप निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा पूरी जांच-पड़ताल एवं शिनाख्त के बाद ऑपरेशन अमानत के तहत बैग में मौजूद 21,800 की नगदी और अन्य दस्तावेज सही सलामत हालत में उन्हें सौंप दिए गए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा खोए हुए सामानों को उनके असली मालिक तक पहुँचाने के लिए ऑपरेशन अमानत लगातार चलाया जा रहा है। यात्रियों को रेलवे की इस सेवा का पूरा लाभ उठाना चाहिए और किसी भी संदिग्ध वस्तु या घटना की जानकारी तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को देनी चाहिए। रेल प्रशासन द्वारा आरक्षक आरिफ और उप निरीक्षक अवधेश कुमार के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई है। रेलवे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यात्रियों से भी अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें।

## भोपाल रेल मंडल और एनडीआरएफ का संयुक्त रेल दुर्घटना राहत मॉक ड्रिल अभ्यास

भोपाल (निप्र)। भोपाल रेल मंडल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के संयुक्त सहयोग से आपदा एवं बचाव राहत कार्यों की फुल-स्केल एक्सरसाइज़ का आयोजन दिनांक 07 मार्च 2025 को प्रात: 10:30 बजे से सोराई रेलवे स्टेशन (गुड्स शेड नई लाइन के पास)(जिला-विदिशा) पर किया जा रहा है। इस अवसर पर एक वृहद मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया जाएगा, जिसमें रेलवे और NDRF की टीमें आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों का सजीव प्रदर्शन करेंगी।

**मॉक ड्रिल का उद्देश्य**

इस अभ्यास के दौरान ट्रेन दुर्घटना का वास्तविक परिदृश्य तैयार किया जाएगा, जिसमें रेलवे, NDRF, SDRF, RPF, GRP, राज्य सिविल पुलिस, कलेक्टर कार्यालय, स्काउट एंड गाइड, और राज्य अस्पताल प्रशासन की संयुक्त टीमें फंसे यात्रियों के बचाव, मेडिकल सहायता, आगजनी नियंत्रण, प्रशासनिक समन्वय और ड्रोन निगरानी का अभ्यास करेंगी।

**मुख्य गतिविधियां**

-दुर्घटनाग्रस्त कोचों से यात्रियों को निकालने का लाइव प्रदर्शन

-NDRF, SDRF और रेलवे बचाव टीमों का संयुक्त ऑपरेशन

-RPF, GRP और सिविल पुलिस द्वारा भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन

-डॉक्टर्स और राज्य अस्पताल प्रशासन की टीम द्वारा घायल यात्रियों का प्राथमिक उपचार

-फायर ब्रिगेड द्वारा आगजनी नियंत्रण

-ड्रोन कैमरों से पूरे अभ्यास की निगरानी

## अब स्कूलों में बच्चों को पीट नहीं सकेंगे टीचर, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में अब बच्चों के साथ मारपीट या किसी भी तरह की शारीरिक सजा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया है. ऐसा करने पर टीचर्स और अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई होगी. बाल अधिकार संरक्षण आयोग कि चिट्ठी के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कार्रवाई के लिए कहा है. इसके साथ ही ऐसे मामलों की रिपोर्ट भी देने के लिए कहा गया है. स्कूलों में बच्चों के साथ मारपीट को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक रवीन्द्र कुमार सिंह की ओर से शारीरिक दंड पर पूर्ण प्रतिबंध और कड़ी कार्रवाई संबंधी निर्देश मंगलवार को जारी किए गए हैं।

## कलेक्टर ने बैरसिया का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यो और शासकीय योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज बैरसिया का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा, मंडी सचिव सुनील एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य एच. एन. मिश्रा भी उपस्थित रहे कलेक्टर सिंह ने बैरसिया मैं निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के साइट इंजीनियर को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, एसडीएम बैरसिया को निर्देशित किया कि स्कूल की बाउंड्री वॉल और उसके गेट के सामने का अतिक्रमण हटाया जाए। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी बैरसिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ई-मंडी के कार्यों का स्वयं पोर्टल पर परीक्षण किया। उन्होंने आगामी उपार्जन कार्यों के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम और भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी बैरसिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड होली विशेष ट्रेन 18-18 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी जंक्शन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 09025/09026 वलसाड - दानापुर - वलसाड होली विशेष ट्रेन (18-18 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी जंक्शन सहित मार्ग के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 09025 वलसाड - दानापुर होली विशेष ट्रेन ( 18 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 09025 वलसाड - दानापुर होली विशेष ट्रेन दिनांक 3, 10, 17, 24, 31 मार्च, 7, 14, 21, 28 अप्रैल, 5, 12, 19, 26 मई, 2, 9, 16, 23, 30 जून 2025 को वलसाड स्टेशन से सुबह 08:40 बजे प्रस्थान कर, 20:00 बजे (उसी दिन) इटारसी जंक्शन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 12:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 09026 दानापुर - वलसाड होली विशेष ट्रेन ( 18 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 09026 दानापुर - वलसाड होली विशेष ट्रेन दिनांक 4, 11, 18, 25 मार्च, 1, 8, 15, 22, 29 अप्रैल, 6, 13, 20, 27 मई, 3, 10, 17, 24 जून, 1 जुलाई 2025 को दोपहर 14:30 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 09:15 बजे इटारसी जंक्शन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 21:30 बजे वलसाड स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में वलसाड, भेस्तान, नंदुरबार, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 12 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# महिला यात्री की जान बचाने में रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक की तत्परता से बड़ा हादसा टला

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भोपाल रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला यात्री की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया।

घटना दिनांक 05 मार्च 2025 की रात लगभग 20:00 बजे की है, जब भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 से गाड़ी संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस बिना रुके गुजर रही थी। इसी दौरान भोपाल निवासी 24 वर्षीय महिला यात्री नेहा, जो ललितपुर से भोपाल की यात्रा कर रही थी, गलती से इस गाड़ी में सवार हो गई थी। जब उसे पता चला कि यह ट्रेन भोपाल स्टेशन पर नहीं रुकेगी, तो घबराहट में उसने चलती ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतरने का प्रयास किया। संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिरने लगी। इस स्थिति को देख वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के आरक्षक सुनील कुमार ने त्वरित निर्णय लेते हुए



तत्परता से महिला यात्री को पकड़कर सुरक्षित बाहर खींच लिया। यदि आरक्षक सुनील कुमार समय पर प्रतिक्रिया नहीं देते, तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। उनकी सतर्कता एवं सूझबूझ से महिला की जान बच गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने इस घटना पर कहा कि रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। आरक्षक सुनील कुमार द्वारा दिखाए गए साहस और त्वरित कार्रवाई का यह उदाहरण रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम यात्रियों से अपील करते हैं कि यात्रा के दौरान किसी भी स्थिति में चलती ट्रेन से चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें, यह जानलेवा हो सकता है। रेलवे का सुरक्षा बल हर समय सतर्क रहता है, लेकिन यात्रियों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है।

रेल प्रशासन ने आरक्षक सुनील कुमार के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयासरत है और इस तरह की घटनाओं से सीख लेकर यात्रियों से भी सतर्कता बरतने की अपील करता है।



## वन विभाग की गंज नर्सरी में मिला क्षत-विक्षत शव, इलाके में फैसी सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

छतरपुर (ए.)। छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में वन विभाग की गंज नर्सरी में करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने का मामला सामने आया है। जहां शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।घटना और मामले की जानकारी लगने पर बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बमीठा पुलिस के मुताबिक, मृतक युवक का शव तकरीबन आठ से 10 दिन पुराना बताया जा रहा है। वन विभाग की नर्सरी में मिले युवक के शव में काले रंग की चड्डी (अंडरवियर) मात्र पहने हुए है। युवक के दोनों हाथ पैर जंगली जानवरों ने खा लिए हैं।

**शव को PM के लिए भिजवाया**

बमीठा थाना स्ढ्ढ हरदेव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर अज्ञात युवक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए राजनगर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। जहां शुक्रवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

**खेत पर काम रहे किसान पर भालू ने किया हमला**

छतरपुर में किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खरयानी में गुरुवार को जंगली भालू के हमले से किसान के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि खरयानी निवासी 45 वर्षीय सूरत पुत्र गोविंदा आदिवासी दोपहर करीब 12 बजे अपने खेत पर फसल को एकत्रित कर रहा था, तभी जंगल की ओर से आए एक भाले ने उस पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर डाला। सूरत द्वारा जब शोर मचाया गया, तब आसपास के लोगों ने उसकी जान बचाई। गंभीर हालत में वन विभाग के वाहन से उसे पहले किशनगढ़ अस्पताल ले जाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद सूरत को जिला अस्पताल रेफर किया गया। चूंकि सूरत की हालत बेहद गंभीर है, जिसके चलते देर शाम उसे जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

## सरपंच को 10 लाख रुपए नहीं देने पर दी थी रेप में फंसाने की धमकी,चार गिरफ्तार

सिंगरौली (आरएनएस)। जिले की सरई थाना पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसमें दो महिलाओं और दो पुरुषों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, 3 मार्च को मझौली पाठ गांव के सरपंच देवी सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि रंजन सिंह नाम की महिला ने फोन पर संपर्क कर उनसे संबंध बनाए। इसके बाद महिला और उसकी भाभी ने 10 लाख रुपए की मांग की। पैसे नहीं देने पर रेप और अपहरण के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया के अनुसार, जांच में मुख्य आरोपी विमल साकेत को गिरफ्तार किया गया।

# रामकी कंपनी में जहरीले कचरे का दूसरा ट्रायल रन शुरू, तीन दिन में जलेगा

इंदौर (ए.)। भोपाल से पीथमपुर आए 337 टन कचरे के निपटान के लिए रामकी कंपनी में दूसरा ट्रायल रन शुरू हो गया। बुधवार देर रात भस्मक में कचरा डालने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूसरा चरण शनिवार तक चलेगा। इसके बाद दस टन का तीसरा ट्रायल रन होगा। उसकी रिपोर्ट जबलपुर हाईकोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी, हालांकि सामान्य स्थिति रहने के बाद कचरा जलाने का काम जारी रहेगा।

पीथमपुर मे जनवरी माह में ही



कचरा जलाने की तैयारी हो गई थी, इसके लिए 2 जनवरी को कचरा भोपाल से 12 कंटेनरों में पीथमपुर लाया गया था, लेकिन कंपनी की सारी तैयारी जनता के विरोध के कारण प्रभावित हुई थी। इसके बाद 57 दिन तक कचरा कंटेनरों में ही रहा। कोई ने तीन चरणों में ट्रायल रन करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद गत दिनो कचरा जलाने का काम शुरू हुआ था। यह प्रक्रिया प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अफसरों और वैज्ञानिकों की मौजूदगी में कराई जा रही है। दूसरे चरण में कचरे की मात्रा बढ़ाई

पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जा रहा था। 10 किलो के पैकेट में साढ़े चार किलो चूना और साढ़े चार किलो जहरीले कचरे का मिश्रण मिलाया गया था। पहले चरण में उत्सर्जित गैसों की मात्रा तय मापदंडों से काफी कम मिली। इसके बाद अब 180 किलो कचरा प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जाएगा। दस टन कचरे को जलाने में 60 घंटे से अधिक का समय लगेगा। दूसरे ट्रायल रन के दौरान भी रामकी कंपनी और आसपास के क्षेत्रों में लगे उपकरणों के माध्यम से प्रदूषण के स्तर पर निगरानी रखी जाएगी।

## नगर निगम ने अवैध दुकानों पर फिर चलाया बुलडोजर



इंदौर (ए.)। नगर निगम की रिमूव्हल टीम ने एक बार फिर तलघर में बनी अवैध दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। आज सुबह नगर निगम के अमले ने सुभाष चौक क्षेत्र में एक इमारत के तलघर में बनी 7 से 8 दुकानों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। इस कार्रवाई के तहत खजूरी बाजार और अन्य व्यस्त बाजारों में भी जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम लगातार शहर के विभिन्न झोन में तलघर में पार्किंग की जगह हुए अवैध निर्माणों को हटाने में जुटा हुआ है। कुछ महीने पहले नगर निगम और प्रशासन ने संयुक्त रूप से एक बड़े अभियान के तहत कई बड़े शोरूम और मॉल के बेसमेंट में किए गए अतिक्रमणों को हटाया था।

## मऊगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 370 सीसी कोरेक्स के साथ कई तस्कर गिरफ्तार

मऊगंज (ए.)। मऊगंज थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ा प्रहार करते हुए कई तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 370 सीसी कोरेक्स बरामद कर नशे के इस गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## सेना के जवानों पर युवती के घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज करने की बात पर जानें पुलिस क्या बोली




सागर (ए.)। सागर जिले के बहेरिया थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती ने आर्मी के दो जवानों पर जबरदस्ती उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि आर्मी के दो जवान कुछ दिनों पहले उसके घर आए और पानी मांगा। युवती ने उन्हें पानी दिया तो दोनों जवान युवती के घर के पीछे बैठकर शराब पीने लगे और कुछ देर बाद नशे में युवती के घर दोबारा आकर उसके साथ बदसलूकी की।

घटना से डरकर युवती वहां से भाग निकली और थाना बहेरिया पहुंची। जहां पुलिस ने ये कहकर उसकी रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया कि पुलिस के पास सेना के विरुद्ध शिकायत करने का अधिकार ही नहीं। लेकिन इसके बाद भी युवती कभी मंत्री के पास, कभी पुलिस अधीक्षक के पास, तो कभी सेना के अधिकारियों के पास शिकायत करने पहुंची। शिकायत के डर से आरोपियों ने युवती को फोन पर पैसों का लालच देकर शिकायत न करने की भी बात कही है, जिसका कॉल रिकॉर्डिंग भी युवती ने उपलब्ध कराया है।

दरअसल, बहरिया थाना अंतर्गत एक 24 साल की युवती ने आर्मी के दो जवानों पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## कोयला खदान का 10 मीटर हिस्सा धंसने से कई मजदूर दबे, तीन की मौत, रेस्क्यू जारी



बैतूल (ए.)। बैतूल जिले में डब्ल्यूसीएल के कोयला खदान में बड़ा हादसा हुआ है। यहां खदान के एक फेज का स्लैब गिरने से कई मजदूर मलबे में दब गए हैं। हादसे के बाद खदान की रेस्क्यू टीम, एसडीआरएफ और पुलिस दल मौके पर मौजूद है। राहत बचाव दल खदान के अंदर दाखिल हुआ है और मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास जारी है। बता दें कि अब तक तीन मजदूरों के मौत की पुष्टि हुई है। ये हादसा बड़ा है और पहले इस तरह के हादसों में मजदूरों की मौत हो चुकी है। बैतूल एसपी ने घटना की पुष्टि की है और एसपी खुद भी छतरपुर-1 खदान पहुंच गए हैं।

## तलैया में डूबने से दो स्कूली छात्रों की मौत, परीक्षा के बाद होली खेलकर पहुंचे थे नहाने

जबलपुर (ए.)। जबलपुर जिले में परीक्षा के बाद होली खेलने के बाद पांच स्कूली छात्र नहाने के लिए तलैया पहुंचे थे। इस दौरान दो छात्रों की तलैया में डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने 20 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों स्कूली छात्रों के शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी सीएसपी कोतवाली सोनू कर्मी ने बताया कि तमराहई स्कूल में पढ़ने वाले पवन और वैभव उम्र 15 आठवीं कक्षा के छात्र थे। परीक्षा देने के बाद पांच स्कूली छात्र बुधवार लगभग साढ़े चार बजे घूमते हुए गोपाल बाग तलैया पहुंचे थे। इस दौरान पवन और वैभव नहाते समय तलैया में डूब गए।

## बीजेपी मंत्री के विवादित बयान पर कांग्रेस का विरोध, पुतला दहन कर मांगा इस्तीफा




उमरिया (ए.)। उमरिया जिले में बिरसिंहपुर पाली मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में उमरिया के सभी मंडलों के साथ बिरसिंहपुर पाली के अंबेडकर चौक पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल के विवादित बयान के खिलाफ कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुए मंत्री का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग की।

भाजपा मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा जनता की मांगों को "भीख मांगने" जैसा बताने और अपशब्दों का प्रयोग करने से प्रदेशभर में रोष व्याप्त हो गया है। कांग्रेस ने इसे जनता का अपमान बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के जो वादे किए थे, वे अब तक अधूरे हैं। जब जनता ने अपने मौलिक अधिकारों की मांग की तो मंत्री ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया।

## व्यापार समाचार



## अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात 18 प्रतिशत तक बढ़ा; तनाव के बावजूद लगातार नौवें महीने बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ए.)। भारत से अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर 18 फीसदी बढ़कर 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में मामूली 7.44 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अन्य देशों की ओर से लगाए जाने वाले उच्च टैरिफ को 'बहुत अनुचित' करार दिया है। साथ ही, अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने वाले देशों पर 2 अप्रैल से जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात एक साल पहले के 14.38 अरब डॉलर से करीब 9 फीसदी बढ़कर 15.60 अरब डॉलर पहुंच गया। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को जनवरी में निर्यात 56 फीसदी बढ़कर 61 करोड़ डॉलर और अप्रैल-जनवरी में 45 फीसदी बढ़कर 6.87 अरब डॉलर पहुंच गया।

**इन देशों में भी बढ़ा निर्यात**

भारत के इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जिन देशों में बढ़ा है, उनमें जर्मनी, मेक्सिको, तुर्किये, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, जापान, नेपाल और बांग्लादेश भी शामिल हैं।

# सोने का भाव 200 रुपये कम होकर 89100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (ए.)। सोने की कीमतों में गुरुवार को हल्की नरमी दिखी। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 200 रुपये की नरमी के साथ 89100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

दूसरी ओर, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी बुधवार के 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से 200 रुपये नरम पड़कर 88,700 रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल डिलीवरी गोल्ड फ्यूचर्स का भाव 112 रुपये घटकर 85,721 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक मोर्चे पर कॉमेक्स सोना वायदा 12.20 डॉलर या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,913.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस बीच, हाजिर सोना 15.57 डॉलर की गिरावट के साथ 2,903.82 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

**टैरिफ पर अमेरिकी एलानों के बीच सोने में दिखी मुनाफावसूली**


एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि निवेशक टैरिफ के नवीनतम घटनाक्रम और उसके प्रभावों को



आंकने की कोशिश कर रहे हैं।" गांधी ने आगे कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए कीमती धातु में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने कहा, "अमेरिका द्वारा मैक्सिकन और कनाडाई वाहन निर्माताओं को एक महीने के लिए टैरिफ से छूट दिए जाने के बाद अल्पकालिक व्यापारियों ने भी अपनी लंबी स्थिति में कटौती की, जिससे व्यापार युद्ध के और बढ़ने की आशंका कम हो गई।"

## फोनपे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'इंश्योरिंग हीरोज' कैंपेन किया लॉन्च




नई दिल्ली(आरएनएस)। फोनपे ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अपना 'इंश्योरिंग हीरोज' अभियान लॉन्च कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। इस पहल के साथ कंपनी चुनिंदा टर्म लाइफ और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं पर महिलाओं को 30 प्रतिशत तक की विशेष छूट दे रही है। यह विशेष छूट 9 मार्च, 2025 तक फोनपे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगी। महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने और लॉन्ग-टर्म स्टेबिलिटी का आनंद लेने के लिए फोनपे ऐप पर इन विशेष ऑफर का लाभ उठा सकती हैं।

पहल के तहत स्वास्थ्य बीमा योजनाओं पर 15 प्रतिशत तक की छूट और टर्म लाइफ बीमा योजनाओं पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इस पहल के माध्यम से फोनपे का उद्देश्य महिलाओं को अधिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे महिलाओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से सही बीमा आसानी से मिल सकेगा। फोनपे ऐप पर इन ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए यूजर्स को सबसे पहले फोनपे ऐप के इंश्योरेंस सेक्शन में 'इंश्योरिंग हीरोज' बैनर को सेलेक्ट करना होगा।

आगे बढ़ते हुए वे 'बाय टर्म प्लान' पर क्लिक कर सकती हैं। इसके बाद कवरेज कैलकुलेट करने के लिए उन्हें 'बाय न्यू प्लान' बटन पर क्लिक करना होगा और 'डेट ऑफ बर्थ' और 'एनुअल इनकम' की जानकारी भरनी होगी। यूजर को अपनी जरूरतों के हिसाब से सबसे अच्छी बीमा योजनाएं खोजने के लिए कुछ 'एडिशनल पर्सनल डिटेल्स' भी शेयर करनी होगी।

## नोकिया' अपने उत्पादन का 70 प्रतिशत भारत से कर रहा निर्यात

नई दिल्ली (आरएनएस)। टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी नोकिया अब अपने उत्पादन का 70 प्रतिशत भारत से निर्यात कर रही है। इससे 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा मिल रहा है। नोकिया (भारत) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कंट्री हेड तरुण छाबड़ा के अनुसार, कंपनी का निर्यात 30 से 70 प्रतिशत तक है और पिछले साल निर्यात 50 प्रतिशत रहा, जिसमें मुख्य रूप से रेडियो उपकरण शामिल हैं। बुधवार को कंपनी ने वोडाफोन आइडिया को अपने लेटेस्ट 5जी और 4जी बेसबैंड और रेडियो मॉड्यूल के साथ सपोर्ट देने की घोषणा की, क्योंकि ऑपरेटर प्रमुख बाजारों में 5जी सेवाओं के चरणबद्ध रोलआउट के लिए तैयार है। नोकिया वीआई के 4जी नेटवर्क का भी तेजी से विस्तार कर रहा है, क्योंकि यह टेक्नोलॉजी एडिशन के साथ नई साइटों को भी शुरू कर रहा है और मौजूदा साइटों पर स्पेक्ट्रम बैंडविड्थ का विस्तार कर रहा है।अकेले मार्च 2025 तक, नोकिया 60,000 से अधिक टेक्नोलॉजी साइट्स और हजारों नई 4जी साइट्स देने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, घने, शहरी क्षेत्रों में सर्विस एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए अल्ट्रा-लीन साइट्स स्थापित की जा रही हैं।

छाबड़ा ने कहा, विश्वसनीय और हाई-परफॉर्मिंग नेटवर्क की मांग बढ़ती जा रही है, इसलिए वीआई के साथ हमारा सहयोग खुदरा उपभोक्ताओं और व्यवसायों की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा।उन्होंने कहा, हमने वीआई के लिए 5जी और 4जी साइट्स की बहुत तेज डिलीवरी हासिल की है। यह साझेदारी हमारे भागीदारों को कटिंग एज टेक्नोलॉजी से सशक्त बनाने, बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और नए व्यावसायिक अवसरों को लाने के हमारे संकल्प को भी दर्शाती है।

नोकिया अपने मार्केट लीडिंग एयरस्केल पोर्टफोलियो को स्थापित कर रहा है जिसमें मल्टी रेडियो एक्सेस टेक्नोलॉजी (आरएटी) बेसबैंड यूनिट और रेडियो मॉड्यूल शामिल हैं, जो बेहतर कवरेज और क्षमता प्रदान करने के लिए अपनी एनर्जी एफिशिएंट 'रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप' टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित हैं।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 87.10 रुपये पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह अपनी बढ़ती गति को बरकरार रखने में विफल रहा और पांच पैसे गिरकर 87.11 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। अस्थिर शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की निकासी के बीच कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों से धारणा को बढ़ावा नहीं मिला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कनाडा और मेक्सिको पर उच्च शुल्क के कार्यान्वयन में देरी करने के अमेरिकी कदम के बीच स्थानीय मुद्रा को शुरुआत में समर्थन मिला। साथ ही, बैंकिंग प्रणाली में 1,900 अरब रुपये की तरलता डालने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले ने घरेलू मुद्रा को मजबूती दी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि अस्थिर शेयर बाजारों ने खेल बिगाड़ दिया और रुपये को नकारात्मक क्षेत्र में धकेल दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूती के साथ 86.96 पर खुला और 86.88 तक गया। हालांकि, जल्द ही यह शुरुआती बढ़त गंवाकर 87.11 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट है।

# महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना अहम क्यों? समाज-अर्थव्यवस्था में भूमिका महत्वपूर्ण

नई दिल्ली (ए.)। महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपने अलग-अलग प्रकार के योगदानों के साथ हमेशा से परिवार और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रही हैं। कई जिम्मेदारियों को संभालने की क्षमता उनकी फ्लेक्सबिलिटी, अनुकूलनशीलता और नेतृत्व कौशल को दर्शाती है। इसलिए वित्तीय स्वतंत्रता महिलाओं के लिए केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में भी बड़ी भूमिका निभाती है।

**खुद को दीजिए बीमा का उपहार**

इस महिला दिवस पर अपना इंश्योरेंस कराना सबसे अच्छा उपहार है जो आप खुद को दे सकते हैं। बीमा आपके भविष्य को जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षित रखेगा। फाइनेन्शियल प्लानिंग की दिशा में पहला बुनियादी कदम टर्म इंश्योरेंस खरीदना है। यह पॉलिसीधारक की अनुपस्थिति




में उनके परिवार की वित्तीय कवरेज प्रदान करता है।

**गृहणियों के लिए भी जरूरी है बीमा**

अक्सर यह माना जाता है कि गृहणियों को टर्म इंश्योरेंस की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह एक गलत धारणा है। गृहणियां घर में उतना ही योगदान देती हैं जितना कामकाजी महिलाएं। वे घर की देखभाल, बच्चों की परवरिश और घरेलू प्रबंधन जैसे कई जिम्मेदारियां निभाती हैं। इसी तरह एक नौकरीपेशा महिला को भी टर्म इंश्योरेंस खरीदना चाहिए, क्योंकि वह परिवार की आय में बहुत बड़ा योगदान देती है।

**बीमा के कई विकल्प मौजूद**

आजकल अधिक कवरेज वाले टर्म इंश्योरेंस प्लान किफायती दर पर उपलब्ध हैं। फ्लेक्सिबल योग्यता मानदंडों के साथ व्यापक कवरेज प्रदान करने वाली योजनाएं भी उपलब्ध हैं। स्वरोजगारी महिलाओं के लिए भी ऐसी योजनाएं उपलब्ध हैं, जो उनकी सभी जरूरतों को पूरा करती हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**


## बसपा के अंदर का घमासान सतह पर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है।

मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है।

आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी।

गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले। खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में है। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं। आकाश का यह कहना कि परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है', इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है। देखना है मायावती के हार्डकोर समर्थक पार्टी के लिए कितने फायदेमंद रहते हैं या पार्टी के अंदर का घमासान सतह पर आकर बसपा वोटर्स को असहज करते हैं।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर नई दिल्ली में दिल्ली मेट्रो के वसंत कुंज टीबीएम परियोजना स्थल पर टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) की सफलता के स्थल का दौरा करते हुए।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

**– ललित गर्ग**

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी हैपंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा



है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषत: पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है।

पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी।

दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

# गले मिलने से नहीं गले पड़ने से गढ़ जीते जाते हैं

**अन्ना दुराई**

छोटा हो या बड़ा, हर देश का अपना मान सम्मान होता है। बात जब स्वाभिमान की हो तो न आगे देखा जाता है न पीछे। न पक्ष होता है न विपक्ष। समूचे नागरिकों का विश्वास अपने नेतृत्व के साथ जुड़ा होता है। अपने देश का पक्ष मजबूती के साथ रखने की भावना एक दूसरे में होती है। हर नेता अपने राष्ट्र की आन बान और शान के लिए जी तोड़ प्रयास करता है। वो हर हाल में अपने नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करता है। अपना नहीं अपने नागरिकों के भले की नियत होती है। दो देशों के नेता जब आपस में बात करते हैं तो सबकी निगाह उनपर टीकी होती है। सबने देखा, गलत बयानी करने पर अमरीकी राष्ट्रपति को एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष का हाथ पकड़ कर रोक देना। हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति और यूक्रेन प्रमुख की तीखी तकरार ने तो झकझोरने और इससे कुछ सीखने का रास्ता दिखाया है। कभी कभी सूट बेरंग हो जाता है और कभी कभी टीशर्ट पार्टी लूट लेता है। इसलिए सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस भारत को जुटाना होगा।

हमारे यहाँ इन दिनों काम के लिए कम और नाम के लिए कुछ ज्यादा ही होने लगा है। यहाँ झूठी प्रशंसा के पूल बांधे जाते हैं। हमारे राष्ट्र प्रमुख जब अन्य किसी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से मिलते हैं तो जनता के समक्ष बेकार की बातें ही परोसी जाती है। हमारे यहाँ सफलता का पैमाना बड़ा ही हास्यास्पद सेट कर दिया गया है। हमारे देश के प्रमुख से कोई हाथ मिलाने के साथ साथ यदि गले मिल ले तो ऐसे प्रचारित होता है मानों गढ़ जीत लिया हो। हमारे देश के प्रमुख को कोई बाहर तक रिसिव करने आ जाए या कुर्सी सरकाकर आदरपूर्वक बिठा दे तो मिठाई बंट जाती है। हर देश के आदर सत्कार के अपने अपने नियम होते हैं। उसी दायरे में सामान्य शिष्टाचार सभी के साथ निभाया जाता है लेकिन हंसी आती है जब ऐसी छोटी मोटी बातों पर सभी का ध्यान भटका दिया जाता है। अपने देश और अपने नागरिकों के लिए क्या किया, सब गौण हो जाता है। व्यक्तिगत महिमा मंडन से मसले हल नहीं होते। इसके लिए नीतियों पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखने से राष्ट्र का भला होता है। कार तक छोडने आने और कार में ससम्मान बिठा कर विदा करने से कुछ नहीं होता। अपने देश की धरती पर उतरते वक्त हम अपने नागरिकों के लिए क्या लाए हैं, यह महत्वपूर्ण होता है।

व्यक्तिगत प्रशंसा के लिए देश को दाव पर लगा देना, सामने वाले की हर बात पर मौन रहकर सिर हिलाना किसी भी मायने में उचित नहीं है। हमें तो वो दिन देखना है जब भारत के हितों के लिए, उसके आत्म सम्मान के लिए मुद्दों पर एक दूसरे के बीच संघर्ष होगा। सिर्फ निजी वाहवाही के लिए नहीं बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का कद गर्व से ऊंचा करने के प्रयास होंगे।




मेष राशि : आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। आज कॉम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर रहेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

तुला राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

धनु राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

मकर राशि : आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है।

कुंभ राशि : आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

मीन राशि :आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

डा. जयंतीलाल भंडारी

इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है।

वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा।

गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं।

स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुत: कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है।

सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है।

इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी।

वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब असेसमेंट ईयर' की जगह टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को कैपिटल असेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है।

जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नये आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि नया टैक्स रिजीम कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निस्संदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा।



# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धारावी का दौरा किया चमड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों से बातचीत की



मुम्बई (ए)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मुंबई में धारावी का दौरा किया और चमड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों से बातचीत की। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य चमड़ा उद्योग के कार्यबल को पेश आने वाली चुनौतियों को समझना था।

गांधी ने जिन विनिर्माण इकाइयों का दौरा किया उनमें चमार स्टूडियो भी शामिल है, जिसे सुधीर राजभर ने स्थापित किया है। धारावी दुनिया के सबसे बड़े चमड़ा केंद्रों में से एक है, जिसमें 20,000 से अधिक चमड़ा विनिर्माण इकाइयां हैं, जिनमें एक लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, गांधी ने धारावी में चमड़ा उद्योग के श्रमिकों से बातचीत की और उनके मुद्दों को समझने की कोशिश की। उन्होंने वहां उद्यमियों से भी बातचीत की। उनके मुताबिक, दिल्ली से मुंबई पहुंचे गांधी आज राज मुंबई में ही विश्राम करेंगे और शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस नेता कहा कि शाम को मुंबई में कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ कोई बैठक निर्धारित नहीं है।

## उत्तराखंड के हर्षिल पहुंचे पीएम मोदी, मुखीमठ मंदिर में की मां गंगा की पूजा-अर्चना



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव स्थित मुखीमठ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मंदिर को गंगा नदी का शीतकालीन निवास माना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मां गंगा से आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। सर्दियों के मौसम में दिवाली के दिन प्रसिद्ध गंगोत्री मंदिर में स्थित देवी गंगा की मूर्ति को मुखबा के मुखीमठ मंदिर में ले जाया जाता है। यह स्थानांतरण इसलिए होता है क्योंकि भारी बर्फबारी और कम तापमान के कारण गंगोत्री मंदिर बंद हो जाता है। छह महीने तक गंगा की मूर्ति की पूजा मुखीमठ मंदिर में की जाती है, जब तक कि गर्मियों में गंगोत्री मंदिर फिर से नहीं खुल जाता। मंदिर के फिर से खुलने पर, मूर्ति को उत्सव से भरे एक भव्य जुलूस के साथ गंगोत्री मंदिर में वापस लाया जाता है। देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। सीएम धामी ने ट्वीट कर कहा, मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा (उत्तरकाशी) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। हर्षिल-मुखवा की पावन धरती पर प्रधानमंत्री मोदी का आगमन एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा मुखिमनाथ (मुखवा) को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने तथा राज्य की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।

## नोएडा : डंपिंग यार्ड में लगी आग पर काबू पाने की चुनौती, तेज हवा और 40 फीट के गड्ढे में भरे वेस्ट ने बढ़ाई मुश्किलें

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के सेक्टर 32ए में नोएडा प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग के बने डंपिंग ग्राउंड में लगी आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। इस आग को बुझाने में अभी 4 से 5 दिन का वक्त और लगने वाला है। पूरे इलाके को फायर कर्मचारी ने आइसोलेट जरूर कर लिया है, जिसके चलते अब यह आगे नहीं फैलेगी, लेकिन इसे पूरी तरह बुझा पाने में लगे फायर ब्रिगेड के लोग अभी कई दिन लगने की बात कर रहे हैं।



इसके अलावा, तेज हवा भी फायर कर्मचारी के कार्य में बाधा पहुंचा रही है और वहां पर उड़ने वाले धुएं ने फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के रिहायशी इलाकों, सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए भी परेशानी खड़ी कर दी है। इस आग के चलते निकलने वाला धुआं इतना ज्यादा घना है कि आसपास की सड़कों पर वाहन चालकों को सामने 10 से 20 मीटर भी नहीं दिखाई दे रहा है, जिसके कारण एक्सीडेंट होने का खतरा लगातार बढ़ गया है।इसके अलावा, इस जहरीले धुएं से आसपास के सेक्टर के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यह धुआं उनके घरों में घुस गया है, जिसकी वजह से उन्हें घर छोड़कर अपने रिश्तेदारों या बाहर दूसरा ठिकाना ढूंढना पड़ा है।इस आग को लेकर फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि आग को काबू पाने में अभी 4 से 5 दिन का वक्त लग सकता है। अगर इस बीच कोई बड़ी आग कहीं और नहीं लगी, तब ज्यादा से ज्यादा मैनपावर और गाड़ियों का इस्तेमाल कर इस आग पर काबू पाया । सकता है।उनका कहना है कि सूखी पत्तियां, पेड़-पौधों और खाद समेत अन्य तरह के वेस्ट का यह डंपिंग ग्राउंड करीब 30 से 40 फुट गहरा है और अंदर तक पानी न पहुंच पाने के कारण इसमें लगी आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी असमर्थ हो रहे हैं। इसके अलावा, तेज हवा ने भी फायर ब्रिगेड का काम बड़ा रखा है और इस आग से निकलने वाले घने धुएं से भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी फिलहाल 10 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं, जो आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई हैं।इस डंपिंग ग्राउंड के आसपास के इलाकों की बात करें तो इसमें सेक्टर 30, सेक्टर 31, सेक्टर 32, सेक्टर 34, सेक्टर 35, मोरना गांव, सेक्टर 54, होशियारपुर आदि इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को इस धुएं के कारण काफी ज्यादा सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## हरियाणा के हिसार में दर्दनाक हादसा : कार पेड़ से टकराई, 4 दोस्तों की मौत

हिसार (आरएनएस)। हरियाणा के हिसार जिले में मंगली रोड पर बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। चारों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार बेकाबू होकर एक पेड़ से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एयरबैग खुलने के बावजूद कोई भी बच नहीं पाया। हादसे में एक युवक, हितेश, कार से बाहर गिर गया, जबकि बाकी तीन युवक कार में ही फंसे रह गए।

मृतकों की पहचान अंकुश (19), निखिल, हितेश और साहिल के रूप में हुई है। चारों पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ते थे और गहरे दोस्त थे। वे मंगली एक दोस्त की शादी में शामिल होने आए थे। परिजनों के मुताबिक, चारों दोस्त हरिकोट के पास एक पैलेस में शादी में शामिल हुए थे, फिर हिसार पीएलए से कुछ सामान लेने के बाद वापस लौट रहे थे। इस दौरान हादसा हुआ। अंकुश अपने परिवार का इकलौता बेटा था और निखिल का बचपन से करीबी दोस्त था।

हादसा हरिकोट गांव के पास एक तीखे मोड़ पर हुआ। यह मोड़ पहले भी कई हादसों का कारण बन चुका है। हादसे की सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना प्रभारी साधुराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रारंभिक रूप से तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मुंबई के धारावी स्थित चमड़ा बाजार में चमड़े के काम का निरीक्षण करने के लिए धारावी पहुंचे.

## तमिलनाडु : आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके समर्थकों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

करूर (आरएनएस)। तमिलनाडु में धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को 10 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के तहत राज्य के आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके समर्थकों के घरों पर भी छापेमारी की गई है।सूत्रों के अनुसार, ईडी के 10 से अधिक अधिकारियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर छापेमारी की। इनमें प्रमुख रूप से करूर जिले के रायनूर स्थित कोंगू मेस के मालिक मणि (जिन्हें सुब्रमण्यम के नाम से भी जाना जाता है) का घर शामिल है। इसके अलावा, इरोड रोड पर सरकारी ठेकेदार एम. शंकर आनंद और शक्ति मेस के मालिक कार्थी के आवासों पर भी छापेमारी की जा रही है। ये सभी लोग मंत्री सेंथिल बालाजी के समर्थकों के रूप में पहचाने जाते हैं।ईडी की यह छापेमारी धन शोधन के मामले में चल रही जांच का हिस्सा है, जिसके तहत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है।सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारी इस कार्रवाई के दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री सेंथिल बालाजी पर कई गंभीर आरोप हैं, जिनमें वित्तीय धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और धन शोधन जैसे मामले शामिल हैं। ईडी इन आरोपों की गहन जांच कर रहा है, और इससे संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया जा सकता है, जो कानूनी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## एसटीएफ और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी , बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, आईएसआई से भी जुड़े हैं तार

लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी का नाम लाजर मसीह बताया जा रहा है। उसे यूपीएसटीएफ और पंजाब पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया है। आतंकी की गिरफ्तारी कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र से हुई है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी लाजर मसीह पुत्र कुलविंदर पंजाब के अमृतसर जिले का रहने वाला है। उसका परिवार गांव कुरलियान पोस्ट-माकोवल, थाना रामदास में रहता है।

आतंकी की गिरफ्तारी गुरुवार सुबह लगभग 3:20 बजे हुई है। गिरफ्तारी अभियान कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में किया गया। पता चला है कि आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है। इतना ही नहीं, आतंकी के पाकिस्तान के आईएसआई के साथ संपर्क का भी खुलासा हुआ है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, 13 कारतूस और एक 7.62 एमएम की विदेशी पिस्टल के साथ ही गाजियाबाद का पता लिखा हुआ आधार कार्ड भी बरामद हुआ है।

आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल समेत दो हथियार बरामद हुए हैं। साथ ही विदेश निर्मित सफेद विस्फोटक भी बरामद किया गया है। इसके अलावा उसके पास से गाजियाबाद के पते का आधार कार्ड और बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यूपी विशेष कार्य बल, कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि उसे कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में चलाए गए अभियान में सुबह करीब 3ः20 बजे गिरफ्तार किया गया। यश ने कहा, गिरफ्तार आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के जर्मनी स्थित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के सीधे संपर्क में है। बता दें कि 24 सितंबर 2024 को आतंकी पंजाब पुलिस की हिरासत से फरार हुआ था। यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस के इस ज्वाइंट ऑपरेशन को बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। फिलहाल आतंकी से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने किया स्कूलों का निरीक्षण, खामियों पर बोलीं- ऐसी उम्मीद नहीं थी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शालीमार गांव के वार्ड नंबर 55 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में पेयजल की सुविधा से लेकर क्लासरूम तक का निरीक्षण किया। कई खामियां दिखीं। इस पर उन्होंने फौरन मौके पर मौजूद स्कूल की प्रिंसिपल से कहा, ऐसी उम्मीद नहीं थी। आप यह मानिए कि यहां पर गलत हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि यहां पर पीने का पानी नहीं आ रहा है। क्या करें? बताइए, इसे हटा दें।

इसके बाद प्रिंसिपल ने कहा, मैम, आज ठीक हो जाएगा।

इस पर मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि मुझे आपसे इस जवाब की उम्मीद नहीं थी। आप यह मान लीजिए कि यहां पर गलत हो रहा है। बच्चों के लिए यहां पीने का पानी नहीं आ रहा है। टॉयलेट में पानी नहीं आ रहा है। यह ठीक नहीं है। आप इस चीज को मानिए।इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री से कहा कि सॉरी मैम, आज ठीक हो जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि न ही स्कूल में बच्चों के लिए पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था की गई है और न ही शौचालय में उनके लिए पानी की व्यवस्था है। विद्यालय में इस तरह के कुप्रबंधन से बच्चों को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी।

मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से इन सभी खामियों को फौरन दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी को कोई दिक्कत न हो। यह आपकी जिम्मेदारी है। आप अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकती हैं।इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा।इसके बाद मुख्यमंत्री ने क्लासरूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक चीज को बहुत ही ध्यान से देखा। उन्होंने बैंच से लेकर ब्लैकबोर्ड तक का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने स्कूल का पूरा दौरा करने के बाद कहा कि हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

## दर्दनाक हादसा : ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, 6 लोगों की मौत; एक की हालत गंभीर

सिरोही (आरएनएस)। राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के किवरली के पास गुरुवार तड़के करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा में छह लोगों की जान चली गई। हादसा तब हुआ जब एक कार में 7 लोग सवार होकर अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे। तभी किवरली के पास कार एक ट्रक से जा टकराई।




मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ गोमाराम, सदर थानाधिकारी दर्शनसिंह, एसआई गोकुलराम, हैड कांस्टेबल विनोद और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की।

सीओ गोमाराम ने बताया कि कार सवार अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे। जब उनकी कार नेशनल हाइवे 27 पर किवरली के पास आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे, जिनमें से चार की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज सिरोही भेज दिया गया।

हेड कांस्टेबल विनोद लाम्बा ने बताया कि वह रात के समय गश्त पर थे। किवरली से आगे जाने पर जबरदस्त दुर्घटना की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह दो मिनट में मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों और एंबुलेंस को सूचना दी। ट्रक में फंसी कार को बाहर निकालने के लिए क्रेन को बुलाया गया और करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला जा सका।

## कर्नाटक होम बोर्ड के अधिकारी शिवानंद केंबावी के आवास पर लोकायुक्त की छापेमारी

बंगलौर (आरएनएस)। कर्नाटक में लोकायुक्त ने गुरुवार सुबह विजयपुरा शहर में एक बड़े छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया। ये छापा होम बोर्ड के एफडीए अधिकारी के ठिकानों पर मारा गया। मामला आय से अधिक की संपत्ति का बताया जा रहा है।

आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में लोकायुक्त पुलिस ने कर्नाटक होम बोर्ड (केएचबी) के एफडीए अधिकारी शिवानंद केंबावी के आवास और फार्म हाउस पर छापा मारा है।

यह छापा विजयपुरा शहर के सुकून कॉलोनी स्थित आवास और विजयपुरा तालुक के थिडागुंडी गांव में स्थित फार्म हाउस पर भी मारा गया।दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है और आय से संबंधित सबूत जुटाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।लोकायुक्त एसपी डी मल्लेश के नेतृत्व में डीएसपी सुरेश रेड्डी, सीपीआई आनंद तक्कन्नावारा और अन्य कर्मचारियों की टीम ने इस छापेमारी का संचालन किया।अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रारंभिक जांच का हिस्सा है और आय से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।यह छापा कर्नाटक होम बोर्ड के उच्च अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ बढ़ती जांचों का हिस्सा माना जा रहा है।कर्नाटक लोकायुक्त ने जनवरी 2025 में भी छापेमारी की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। तब आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर रेड डाली गई थी। जिन अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी उन पर भी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगे हैं। इनमें से एक बेंगलूरु की परिवहन संयुक्त आयुक्त शोभा भी शामिल थीं।

# जम्मू-कश्मीर सरकार के लिए तैयार कामकाजी नियम मंजूरी के वास्ते एलजी को भेजे गए : मुख्यमंत्री

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार के लिए कामकाजी नियम तैयार कर लिए गए हैं और बिना किसी भ्रम के सुचारू शासन चलाने के लिए अनुमोदन के वास्ते उपराज्यपाल के पास भेज दिए गए हैं। अब्दुल्ला ने विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में कहा, जब तक हमें राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, स्पष्टता के लिए कार्य नियम स्थापित करना आवश्यक है। इसमें कुछ समय लगा, लेकिन कल रात आठ बजे हमने कैबिनेट की बैठक बुलाई और कार्य नियमों को अंतिम रूप दिया। उन्हें कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि नियमों को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि उन्हें मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से भ्रम कम होगा, जब तक यह प्रणाली लागू रहेगी, इसे बिना किसी भ्रम के सुचारू रूप से संचालित होना चाहिए। हालांकि मैं इसे अस्थायी मानता हूं, लेकिन भ्रम कम करने के लिए कामकाज के नियमों को लागू करना बेहतर है। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने पिछले महीने केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में दोहरे शासन मॉडल - जहां वे उपराज्यपाल के साथ सत्ता साझा करते हैं - की खुलेआम आलोचना की थी और इसे विनाश का नुस्खा बताया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र शासित प्रदेश में शासन का 'हाइब्रिड मॉडल' किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है और जब कमान का एक ही केंद्र होता है तो प्रणालियां बेहतर काम करती हैं। कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और अन्य दलों ने जम्मू-कश्मीर में शासन के दोहरे मॉडल की आलोचना की है।



## अदालतों से जमानतों के मामलों में लंबी तारीखें देने की अपेक्षा नहीं की जाती : न्यायालय

नई दिल्ली (ए.)। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे जमानतों से संबंधित मामलों की लंबी तारीखें दें। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उन्हें बताया गया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत की याचिका पर सुनवाई की तारीख दो महीने बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर अस्थायी जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था कि उनके मुवक्किल की दो साल की बेटी को तत्काल सर्जरी की जरूरत है। वकील ने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 21 फरवरी को पारित अपने आदेश में मामले की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा, स्वतंत्रता के मामलों में अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे मामले को इतनी लंबी तारीख तक रोके रखें। साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता को शीघ्र सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह सुनवाई की तारीख जल्दी की तय कर दे और कम से कम याचिकाकर्ता की बेटी के ऑपरेशन को लेकर चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत देने के संबंध में मामले की सुनवाई करे।

## बस्ती में ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी दो कारों को रौंदा, बड़ा हादसा टला

बस्ती(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में बस्ती में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा होने से उस समय टल गया जब एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी दो कारों को रौंद दिया।यह घटना बरगदवा गांव के पास हुई, जब ट्रक ने तेज गति से आते हुए दो कारों को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दोनों कारें सड़क किनारे खड़ी थीं और कार में कोई सवार नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना उस समय हुई जब सड़क किनारे खड़ी कारों में सवार चार लोग चाय पीने के लिए उतरे थे। कार सवार अपनी कारों को सड़क किनारे खड़ा कर पास के ही ढाबे पर चाय पी रहे थे, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी कारों को टक्कर मारी। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि कारों के परखच्चे उड़ गए।

## सोना तस्करी केस में रान्या राव को नहीं मिली राहत, बेंगलुरु की अदालत ने जमानत पर सुरक्षित रखा फैसला



बेंगलुरु की आर्थिक अपराध अदालत ने आज गुरुवार को कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिन्हें सोने की तस्करी के आरोप में बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को फैसला आने की उम्मीद है, क्योंकि जांच एजेंसियों ने उनकी हिरासत मांगी है।

**एजेंसी ने की अभिनेत्री की हिरासत की मांग**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से जुड़ी चल रही जांच के लिए रान्या राव की तीन दिन की हिरासत जरूरी है। डीआरआई की मांग पर अभिनेत्री के वकील ने आपत्ति जताई और कहा कि हिरासत की जरूरत नहीं है। इस पर प्रॉसिक्यूशन ने कहा कि हिरासत की मांग करते समय आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि मामला संवेदनशील है। डीआरआई के वकीलों ने कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है और मुख्य जानकारी खुली अदालत में पेश नहीं की जा सकती। उन्होंने अदालत से कहा कि यदि आवश्यक हो तो जांच की जानकारी सीलबंद लिफाफे में पेश की जा सकती है।

**अदालत ने लिया ये फैसला**

अदालत को बताया गया कि पिछले दो दिनों में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है और ये जानकारियां सार्वजनिक करने से चल रही जांच को खतरा हो सकता है। डीआरआई ने हिरासत की आवश्यकता और गहरी जांच की बात पर जोर दिया। प्रॉसिक्यूशन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का भी हवाला दिया, जिसके अनुसार ऐसे मामलों में 40 दिनों तक हिरासत में रखा जा सकता है। इन दलीलों के बाद जज ने फैसला सुनाया कि जांच पूरी होने के बाद ही जमानत याचिका पर विचार किया जा सकता है।

## बॉक्स ऑफिस पर छावा की कमाई की रफ्तार धीमी, कारोबार 500 करोड़ रुपये की ओर



हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 19 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा ने अपने तीसरे मंगलवार यानि 19वें दिन की कमाई से कलेक्शन में थोड़ी बढ़ोतरी की है. फिल्म छावा की कमाई में लगातार दूसरी बार गिरावट देखने को मिली है. छावा ने तीसरे सोमवार कमाई में बढ़ी गिरावट दर्ज की थी. छावा ने 19वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया और फिल्म 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा कब तक छूएगी आइए जानते हैं.सैकनिल्क के अनुसार, छावा की कमाई में एक बार फिर गिरावट हुई है. जहां, छावा ने सोमवार 7.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. वहीं, फिल्म ने 19वें दिन 5.50 करोड़ रुपये कमाए हैं. 19वें दिन के कलेक्शन से छावा की भारत में कुल कमाई 472 करोड़ रुपये हो गई है. छावा कमाई की इस रफ्तार से अपने अगले वीकेंड तक 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में कामयाब हो सकती है. छावा के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो यह 650 करोड़ रुपये के करीब जा पहुंचा है.छावा में विक्की कौशल मराठा किंग छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी महाराज के रोल में हैं. रश्मिका मंदाना येसूबाई का किरदार कर रही हैं. अक्षय खन्ना ने मुगल बादशाह औरंगजेब के रोल में गजब ढा दिया है. फिल्म में विनीत कुमार का कवि कलश का रोल भी दर्शकों के रोंगटे खड़े कर रहा है. फिल्म को लक्ष्मण उटेकर ने डायरेक्ट किया है. इससे पहले लक्ष्मण ने विक्की के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके बनाई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया था.

## अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 14 मार्च को सोनी लिव पर होगी स्ट्रीम



सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी पिछली बार फिल्म एजेंट में नजर आए थे, जिसमें वह भरपूर एक्शन करते दिखे। अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट एक्शन से भरी जासूसी थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 28 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन अब करीब दो साल बाद जाकर फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है।जासूसी थ्रिलर फिल्म एजेंट को 14 मार्च, 2025 से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। कई बार देरी और हिंदी टीवी प्रीमियर के बाद, यह फिल्म तेलुगु के साथ-साथ मलयालम, तमिल और कन्नड़ में भी स्ट्रीम होगी, जिससे अखिल के ज्यादा प्रशंसक इस फिल्म को देख सकें। फिल्म निर्माताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए एक वीडियो एक्स पर साझा किया और लिखा, अलर्ट एक ऐसा जासूस जो किसी और जैसा नहीं है। मिशन ब्रीफ चालाकी भरी चालें। जानलेवा दांव। बेहतरीन एक्शन।

फिल्म एजेंट का निर्देशन सुरेंदर रेड्डी ने किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन अखिल के प्रशंसक इसे लेकर अभी भी उत्साहित हैं। इसमें मॉलीवुड के बड़े स्टार मम्मूटी अहम किरदार में हैं, जबकि साक्षी वैद्य और डिनो मोरिया भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म की कहानी वक्कन्थम वामसी ने लिखी है और इसे रामब्रह्मम सुनकारा ने प्रोड्यूस किया है। हिपहॉप तमिझा ने फिल्म में संगीत दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म को करीब 85 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था। वहीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 8 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।लंबे इंतजार के बाद आखिरकार, एजेंट की ओटीटी रिलीज तय होने पर अखिल के प्रशंसक खुश हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि अब कोई देरी नहीं होगी। एजेंट में भरपूर एक्शन, ड्रामा और सस्पेंस है, जो दर्शकों को बांधे रख सकता है। बहरहाल, अखिल के प्रशंसकों की नजरें 14 मार्च पर टिकी हैं, जब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

## 'छाद' तक पहुंची पाओली दाम के सपनों की नई उड़ान, महिला दिवस के मौके पर लाईं खास कहानी



बॉलीवुड अभिनेत्री पाओली दाम की आगामी बांग्ला फिल्म छाद महिला दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। पाओली की फिल्म छाद 7 मार्च 2025 को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्राणी चक्रवर्ती ने किया है। पाओली दाम की नई फिल्म 'छाद- द टेरस' आ रही है। 'छाद' यानी छत। ये एक बांग्ला फिल्म है जिसमें मुख्य भूमिका में अभिनेत्री पाओली दाम नजर आएंगी। 20 साल में परदे तक पहुंच सकी इस कहनी को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से बनाया गया है। पाओली की मानें तो ये फिल्म हर दर्शक के दिल को छूएगी और एक प्रेरणादायक संदेश देने में कामयाब रहेगी।

पाओली दाम को लोग निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की इरॉटिका 'द हेट स्टोरी' के लिए आज भी याद करते हैं, लेकिन इससे पहले और इसके बाद भी पाओली का काम शानदार रहा है। साल 2004 में बंगाली टेलीविजन शो 'जिबोन नीयेहेला' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली पाओली ने 'तीथिर अतीथी' और 'सोनार हरिन' जैसे कई लोकप्रिय धारावाहिकों में काम किया। कोलकाता मे पली-बढ़ी पाओली ने राजाबाजार साइंस कॉलेज से केमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। पाओली कहती हैं, "फिल्म 'छाद' सिर्फ एक छत की कहानी नहीं, बल्कि उस स्त्री के सपनों और आजादी की तलाश का प्रतीक है, जो सीमाओं से परे उड़ना चाहती है।"

पाओली का कहना है, "मैं रिसर्च में अपना करियर बनाना चाहती थी, लेकिन किस्मत मुझे सिनेमा की दुनिया में खींच लाई और अब पता चलता है की यह मेरे लिए काफी अच्छा है, क्यूंकी केमिस्ट्री तो फिल्मों में भी दिखाई पड़ती है।" 2011 में फिल्म 'चत्रक' में उनके दमदार अभिनय ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय करते हुए उन्होंने कई बंगाली और हिंदी फिल्मों में काम किया।


## इम्तियाज अली की माई मेलबर्न का ट्रेलर आया सामने, 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक फिल्म

इम्तियाज अली पिछली बार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला लेकर आए थे, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब दर्शक इम्तियाज की आगामी फिल्म की राह देख रहे हैं, जिसका नाम माई मेलबर्न है। यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।अब निर्माताओं ने माई मेलबर्न का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं।इम्तियाज इस फिल्म का निर्देशन ओनिर, रीमा दास और कबीर खान के साथ मिलकर कर रहे हैं। विलियम डुआन, झाओ टैमी यांग, समीरा कॉक्स और पुनीत गुलाटी फिल्म के सह-निर्देशक हैं। इस फिल्म के निर्माता मितु भौमिक लांगे हैं, जो प्रमुख फिल्म वितरक और मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव के महोत्सव निदेशक हैं।

## सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी अक्षय कुमार की नमस्ते लंदन, फिर से चलेगा अर्जुन और जैज का जादू

अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की रोमांटिक कॉमेडी नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी. दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आई थी, अब अक्षय कुमार ने इसकी री-रिलीज की अनाउंसमेंट करते हुए फैंस का दिल खुश कर दिया है. खिलाड़ी कुमार ने हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म को दोबारा रिलीज करने का अनाउंसमेंट किया.

अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की नमस्ते लंदन होली के अवसर पर यानि 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट थी. अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम इसकी अनाउंसमेंट करते हुए लिखा, इस होली, 14 मार्च को बड़े पर्दे पर नमस्ते लंदन की फिर से रिलीज की घोषणा करते हुए एक्साइटेड हूं. कैटरीना कैफ के साथ जादुई गानों, बेहतरीन डायलॉग्स और रोमांस को फहर से जीने के लिए तैयार हो जाइए. थिएटर में मिलते हैं.नमस्ते लंदन जसमीत या जैज (कैटरीना) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारत में जन्मी और यूके में पली-बढ़ी है. उसे पार्टी करना, फैशनेबल कपड़े पहनना और रात भर शराब पीना पसंद है. जब वह अपने माता-पिता (ऋषि कपूर और नीना वाडिया) को बताती है कि वह एक गोरे आदमी से शादी करना चाहती है, जिसके बाद वे उसे भारत ले जाते हैं. वहीं अक्षय कुमार की एंट्री होती है जिसका नाम अर्जुन सिंह है. जो तुरंत जसमीत के प्यार में पड़ जाता है. वह उससे शादी करने में कामयाब हो जाता है, लेकिन यूके लौटने पर वह उससे धोखा खा जाता है. आखिर में जसमीत उसके प्यार को समझती है या नहीं यही कहानी है.



# तेजी से वजन कम करने के लिए इन सुझावों का जरूर पालन करें



मोटापा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है. कई लोग वजन बढ़ने से चिंतित रहते हैं. जैसे-जैसे आप वजन कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, उसका पूरा असर आपके चेहरे पर दिखने लगता है. इसके अलावा, अधिक वजन होने से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है. हेल्दी रहने के लिए वजन पर नियंत्रण आवश्यक है. लेकिन, अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. क्योंकि अब आप तेजी से अपना वजन कम कर सकते हैं. इसके लिए हम आपको फिटनेस ट्रेनर योगदित्य सिंह रावल और डाइटीशियन पिंकी द्वारा सुझाई गई पावर डाइट के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं. जो वजन घटाने के लिए बहुत अच्छा है.

तेजी से वजन कम करने के लिए सुबह उठते ही खाली पेट गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पिएं. ये शरीर में उत्पन्न हानिकारक एसिड को निकालने में मदद करते हैं. इसके अलावा, नीचे सूचीबद्ध कुछ खाद्य पदार्थों को अपने नाश्ते और दोपहर के भोजन में शामिल करें...

***नाश्ते में क्या शामिल करें?**

ऑमलेट (2 अंडे का सफेद भाग) + ब्राउन ब्रेड (2 टुकड़े)
दूध (बिना वसा वाला) + कॉर्नफ्लेक्स या ओट्स
फलों का सलाद या अंकुरित अनाज
स्किम्ड मिल्क कॉटेज पनीर + ब्राउन ब्रेड
आप नाश्ते के लिए उपरोक्त में से कोई भी चीज चुन सकते हैं.

*दोपहर के भोजन में क्या शामिल करें?

भोजन से पहले एक गिलास ब्लैक कॉफी पीएं. इससे चयापचय बढ़ाने में मदद मिलेगी.

चिकन या सोयाबीन (200 ग्राम) + ब्राउन राइस (एक कप) या चपाती 1

काजू + सलाद + ब्राउन राइस (1 कप) या चपाती (1-2) वेजिटेबल डहलिया

पाचन में सहायता के लिए आप अपने भोजन में खट्टा दही (100 ग्राम) भी शामिल कर सकते हैं.

*शाम को क्या खाएं?

**खट्टे फल**

ग्रीन टी + दो मैरी लाइट बिस्कुट
उबले मटर
*रात के खाने में क्या खाएं?
सोयाबीन या सूप + सलाद
अंडे का पानी (3) + सब्जी का सूप
चिकन या टूना सलाद
सब्जियां या दलिया

**दालें**

* ध्यान रखने योग्य अन्य बातें

बहुत अधिक खाना न खाएं. सोने से कम से कम 3 से 4 घंटे पहले खाना खा लें.

शीतल पेय से बचें. इसके बजाय, आप नारियल पानी, सब्जी सूप और दही पी सकते हैं.

प्रतिदिन कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पियें.
अपने आहार में फाइबर युक्त फल और सब्जियां शामिल करें.
शुगर युक्त, मीठे और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचें.
भोजन न छोड़ें. इससे शरीर को नुकसान पहुंचेगा.
बेकरी उत्पादों से बचें.
भोजन करते समय पानी पीने से बचें.
सप्ताह में कम से कम तीन दिन व्यायाम करें.

# 30 दिनों तक रोजाना एक संतरा खाने से क्या होता है? जानें जवाब



ताजे फल हमारी सेहत के लिए, जरूरी न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं. संतरा भी ऐसा ही एक फल है. संतरे में मौजूद विटामिन हमें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचाते हैं. इसमें विटामिन सी, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं. हालांकि, अगर आप एक महीने तक नियमित रूप से संतरे का सेवन करते हैं, तो आपको इसके कमाल के फायदे मिलेंगे. खबर में जानें कि 30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं...

**पोषक तत्वों से भरपूर होता है संतरा**

सर्दियों का यह रसदार स्वादिष्ट फल विटामिन ए, बी और सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस और कोलिन जैसे अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है. यह खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, हमारी सेहत को भी उतना ही फायदा देता है. यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही वजन को घटाने में भी मदद करता है. क्योंकि यह साइट्रस समूह का फल है, इसलिए यह हमारी त्वचा और हमारे बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. संतरे में विटामिन सी के साथ विटामिन डी भी भरपूर मात्रा में होता है, जो कि हमारे शरीर में मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने में मदद करता है और हमें मौसमी संक्रमण से बचाता है.

**30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने के फायदे**

विशेषज्ञों के मुताबिक, एक महीने तक नियमित रूप से संतरा खाने से आपको कई तरह के फायदे मिलेंगे. संतरा खाने से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है. हर दिन एक संतरा खाने से आप सर्दी, खांसी, मौसमी या वायरल संक्रमण से खुद को बचा सकते हैं. इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए आश्चर्यजनक रूप से उपयोगी है. यह फल हमें कई तरह की बीमारियों से बचाता है. संतरा वजन घटाने की प्रक्रिया में भी अद्भुत काम करता है. इसमें कैलोरी कम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है.

इसके अलावा हर रोज एक संतरा खाने से दिल स्वस्थ रहता है. संतरे में पोटैशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखता है. संतरा त्वचा की देखभाल के लिए भी बेहतरीन है. त्वचा को प्राकृतिक नमी प्रदान करता है और झुर्रियों को दूर करता है. इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की वजह से त्वचा अंदरूनी तौर पर स्वस्थ रहती है. संतरा खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है. इसमें मौजूद फाइबर और प्राकृतिक एंजाइम पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं. संतरे में मौजूद विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है.

**अन्य लाभ**

पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है्लड शुगर लेवल को हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकता हैधमनियों को अवरुद्ध होने से रोकने में मदद कर सकता हैसंतरे में मौजूद फोलेट (विटामिन बी9) न्यूरोट्रांसमीटर विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो मूड विकारों में मदद कर सकता है.

## मोहम्मद शमी के रोजा न रखने पर मुस्लिम जमात नाराज, बड़ा अपराध बताया

नईदिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीने से विवादों में घिर गए हैं। मुस्लिम समाज उनके रोजा न रखने पर नाराज है।

उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि रोजा अनिवार्य कर्तव्यों में से एक है। अगर कोई स्वस्थ पुरुष या महिला रोजा नहीं रखता है, तो वह बड़ा अपराधी है।रजवी बरेलवी ने आगे कहा, भारत के मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पानी या कोई और पेय पदार्थ पीया है। लोग उन्हें देख रहे थे। अगर वह खेल रहे हैं, तो वह स्वस्थ हैं। ऐसे में उन्होंने रोजा नहीं रखा और पानी भी पी लिया, इससे लोगों में गलत संदेश गया। रोजा न रखकर उन्होंने गुनाह किया। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। शरीयत की नजर में वह अपराधी हैं। उन्हें खुदा को जवाब देना होगा।मौलाना के बयान पर शमी के भाई मोहम्मद जैद ने मौलाना को असल मुद्दों पर गंभीर होने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि भाई दुबई में खेल रहे हैं और मौलाना को पता होगा कि जब कोई 70 किलोमीटर से अधिक के सफर पर होता है तो रोजा छोड़ सकता है, उसके कुछ नियम है। उन्होंने कहा कि ये इतना बड़ा मुद्दा नहीं है, ये लोग हर बात पर ऐसा कुछ बोल देते हैं कि ये इस्लाम के खिलाफ है।

## दक्षिण अफ्रीका अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रहा है : कोच वाल्टर

लाहौर,(ए)। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने जोर देकर कहा है कि गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से 2025 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में 50 रन से हारने के बावजूद उनकी टीम अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रही है।

दक्षिण अफ्रीका को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 362/6 बनाया। जवाब में, प्रोटियाज अपने 50 ओवरों में 312/9 रन बना सके, जिसमें डेवी मिलर ने 67 गेंदों में नाबाद शतक बनाया।

हमारे पास बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले खिलाड़ी थे। गेंदबाजी के दृष्टिकोण से, मुझे लगता है कि हमारा सबसे बड़ा विकास हमारी सटीकता थी, और यह कुछ ऐसा है जिस पर हम वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम जो भी मैच खेलते हैं, वह सीखने का अवसर होता है और हम बस थोड़ा-बहुत सबक लेने की कोशिश करते रहते हैं।

वाल्टर ने मैच के बाद कहा, यह एक कठिन सबक था। आप इसे थोड़ा और महसूस करते हैं क्योंकि यह एक अभियान का अंत है, लेकिन हम निश्चित रूप से सीखते रहते हैं। हम अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रहे हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है। हम 2027 विश्व कप के लिए ढाई साल दूर हैं और इसी पुरस्कार पर नजर है।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि दोनों पारियों की बल्लेबाजी पारी के मध्य ओवर मैच में अंतर साबित हुए, क्योंकि शतकवीर रचिन रवींद्र और केन विलियमसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी के कारण न्यूजीलैंड आगे निकल गया।

हमने बीच में कुछ महत्वपूर्ण विकेट खो दिए। अगर हम वहां एक मजबूत साझेदारी बनाए रखने में कामयाब होते, तो मुझे लगता है कि यह काफी कड़ा अंत होता। हां, हम अपने निष्पादन पर थोड़ा रो सकते हैं; निश्चित रूप से आप खिलाड़ियों के प्रयास पर कभी सवाल नहीं उठाएंगे।

हमने उन पर जो भी फेंक सकते थे, फेंका, लेकिन दुर्भाग्य से हम उस साझेदारी को नहीं तोड़ पाए, जिसने वास्तव में उन्हें अंत तक धकेलने के लिए तैयार किया। हमने निश्चित रूप से गति बदलने की कोशिश की, लेकिन मुझे लगता है कि शुरुआती चरणों में गेंद वास्तव में उस स्तर पर पकड़ नहीं बना रही थी, इसलिए गेंद फिसलती रही।

## शुभमन बने एमआरएफ के ब्रांड एंबेसडर



चेन्नई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के उप-कप्तान शुभमन गिल अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अब दिग्गज कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने शुभमन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। ऐसे में वह भी एमआरएफ के स्टीकर लगे बल्ले से खेलते नजर आयेंगे। एमआरएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि शुभमन गिल अब एमआरएफ ब्रांड से जुड़ने वाले विराट कोहली सहित अन्य प्रमुख क्रिकेटरों में शामिल हो गये हैं। उन्हें हाल ही में आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज के रूप में भी मान्यता मिली है। एमआरएफ ने कहा कि वह लंबे समय से क्रिकेट के विकास से जुड़ा रहा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। शुभमन की यह भागीदारी विराट के साथ कंपनी के पहले से जारी सहयोग के अतिरिक्त होगी। एमआरएफ लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के. एम. मैमन ने कहा, ''हम शुभमन गिल को एमआरएफ परिवार में शामिल करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। उनका खेल प्रभावशाली है और वह जिस तरह क्रिकेट के सभी प्रारूपों में नेतृत्व कौशल दिखाते हैं, वह प्रेरणादायक है। उनकी इस लोकप्रियता का लाभ एमआरएफ को भी मिलेगा।

## ग्रेटर नोएडा 21 मार्च से महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, (ए)। ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 21-27 मार्च तक होने वाली 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की लगभग 300 शीर्ष महिला मुक्केबाज राष्ट्रीय गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित, राष्ट्रीय टूर्नामेंट उसी स्थान पर वापस आ रहा है, जिसने 2023 में अपने अंतिम संस्करण की शानदार सफलता के साथ मेजबानी की थी।विश्व मुक्केबाजी और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित यह चैंपियनशिप 1 जनवरी, 1984 और 31 दिसंबर, 2005 के बीच जन्मे मुक्केबाजों के लिए खुली है।प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है, जिसमें 10 मार्च को संख्या के आधार पर प्रविष्टियां बंद हो जाएंगी और 15 मार्च तक अंतिम नाम की पुष्टि हो जाएगी। आधिकारिक तौर पर यह कार्रवाई 20 मार्च को आगमन, ड्रा और तकनीकी बैठक के साथ शुरू होगी।

## स्मिथ के वनडे संन्यास पर धवनः आप एक कट्टर प्रतिस्पर्धी और अविश्वसनीय लीडर रहे हैं

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने स्टीव स्मिथ को उनके शानदार वनडे करियर के लिए बधाई दी और उन्हें एक कट्टर प्रतिस्पर्धी और एक अविश्वसनीय लीडर बताया।

स्मिथ, जो पैट कमिंस की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टैंड-इन कप्तान थे, ने मंगलवार को दुबई में आठ टीमों की प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट और टी20 प्रारूप खेलना जारी रखेंगे।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना 9 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा।


धवन ने एक्स पर लिखा, आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए बधाई स्टीव स्मिथ , आप खेल में एक कट्टर प्रतियोगी और एक अविश्वसनीय लीडर रहे हैं। आपकी अगली यात्रा भी उतनी ही संतोषजनक हो।

स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे खेले, जिसमें उन्होंने 43.28 की औसत से 5,800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने गेंद से भी योगदान दिया और 28 विकेट लिए।

यह बल्लेबाज 2015 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप विजेता टीमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

बुधवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से एक बयान में स्मिथ ने कहा, यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर मिनट का आनंद लिया है।बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो विश्व कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने भी इस यात्रा को साझा किया।अपने फैसले के बारे में बताते हुए स्मिथ ने कहा कि नए चेहरों के लिए वनडे फॉर्मेट में आगे आने का यह बिल्कुल सही समय है। उन्होंने कहा, अब लोगों के लिए 2027 विश्व कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए, ऐसा लगता है कि यह सही समय है। राष्ट्रीय टीम के साथ अपने भविष्य के बारे में स्मिथ ने कहा, टेस्ट क्रिकेट अभी भी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, सर्दियों में वेस्टइंडीज और फिर घर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मुझे अभी भी उस मंच पर बहुत कुछ योगदान देना है।

## न्यूजीलैंड दौरे पर आकिब ही रहेंगे मुख्य कोच : पीसीबी



लाहौर (ए)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को न्यूजीलैंड दौरे के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया है। वहीं पूर्व कप्तान मोहम्मद युसूफ को बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। पाक टीम अपने न्यूजीलैंड दौरे में सीमित ओवरों की एक सीरीज खेलेगी। इसी को लेकर पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब को ही मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं , 'पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप में कोच बनाया था पर दोनों के साथ ही बोर्ड अधिकारियों के मतभेद हो गये थे। ऐसे में इन दोनो ने ही पद छोड़ दिया था। उसके बाद से ही पाक टीम के पास कोई पूर्ण कालिक कोच नहीं है। इसी कारण आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया और दक्षिण अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीजों में वह टेस्ट टीम के भी मुख्य कोच भी रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल से नाखुश दिखे डेविड मिलर

### -बोले- फाइनल में न्यूजीलैंड का करूंगा समर्थन

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 50 रन से हार का सामना करना पड़ा।

लाहौर में खेले गए मैच में जीत के लिए मिले 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम 312/9 रन ही बना सकी थी।

इस हार के बाद टीम के अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर ने सेमीफाइनल के शेड्यूल को लेकर के अपनी नाराजगी जाहिर की है।

दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड कार्यक्रम के बीच ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीमों को भारत के खिलाफ संभावित सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी के लिए ग्रुप चरण के बाद पाकिस्तान से दुबई की यात्रा करनी पड़ी थी।

ऑस्ट्रेलिया ने अपना सेमीफाइनल दुबई में खेला जबकि दक्षिण अफ्रीका को अपने सेमीफाइनल के लिए फिर लाहौर लौटना पड़ा था।

मिलर ने इसको लेकर कहा, यह केवल 1 घंटे और 40 मिनट की उड़ान है, लेकिन हमें ऐसा करना पड़ा।




मिलर ने आगे कहा, सुबह का समय था, खेल के बाद हमें उड़ान भरनी थी। फिर हम शाम 4:00 बजे दुबई पहुंचे। सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना था। ऐसा नहीं है कि हमने 5 घंटे उड़ान भरी और हमारे पास ठीक होने और स्वस्थ होने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन फिर भी यह आदर्श स्थिति नहीं थी।दक्षिण अफ्रीकी टीम रविवार दोपहर कराची से दुबई के लिए रवाना हुई और सोमवार को लाहौर वापस आ गई थी।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल को जीतकर न्यूजीलैंड ने फाइनल में प्रवेश किया था।अब फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा।मिलर ने स्पष्ट किया कि वह खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड का समर्थन करने वाले हैं।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल को लेकर मिलर ने कहा, मैं ईमानदारी से कहूंगा कि मैं न्यूजीलैंड की टीम का समर्थन करूंगा।

न्यूजीलैंड से रचिन रविंद्र (108) और केन विलियमसन (102) ने शतक लगाए।इनके अलावा डेरिल मिचेल (49) और ग्लेन फिलिप्स (49) ने उपयोगी योगदान दिया और टीम को 362/6 के स्कोर तक पहुंचाया।विशाल स्कोर का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका से कप्तान तेम्बा बावुमा (56) और रसी वैन डेर डुसेन (69) ने अर्धशतक लगाए। इनके बाद मिलर ने 67 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 312/9 का स्कोर बना सकी।



## अफगानिस्तान : 6000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

काबुल(आरएनएस)। अफगानिस्तान पुलिस ने सोमवार रात उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में भारी मात्रा में अवैध ड्रग्स बरामद की। स्थानीय अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद अकबर हक्कानी ने कहा, पुलिस ने प्रांत की राजधानी तालुकान शहर के खटयान क्षेत्र में कुल 6,299 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। उन्होंने कहा कि ड्रग्स को एक गैस टैंकर के अंदर छिपाया गया था।

अधिकारी ने कहा कि वाहन ताखर के पड़ोसी प्रांत बदख्शां से आ रहा था। इस मामले के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने अफीम की खेती और ड्रग्स के उत्पादन और तस्करी पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसने तब तक कार्रवाई जारी रखने की बात कही है जब तक देश ड्रग्स से मुक्त नहीं हो जाता।इस बीच, दक्षिणी अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में मादक पदार्थ निरोधक पुलिस ने 15 किलोग्राम हेरोइन समेत भारी मात्रा में अवैध ड्रग्स बरामद की है और 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुल्ला असदुल्ला जमशेद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिनों में कई अभियानों के दौरान 15 किलोग्राम हेरोइन, 689 किलोग्राम हशीश और हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं और सैकड़ों नशीली गोलियां बरामद की गई हैं।

# बलूचिस्तान प्रांत में आईईडी विस्फोट, 5 की मौत, 5 घायल, बाइक में किया था प्लांट

इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को एक आईईडी विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएचओ ने कहा कि आईईडी एक बाइक में प्लांट की किया गया था और दूर बैठकर रिमोट से इसमें विस्फोट किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विस्फोट नाल बाजार के करीब स्थित एक कॉलेज के पास खड़ी बाइक में हुआ था। अन्य कई वाहन भी जल गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को समय पर कार्रवाई ने बलूचिस्तान के पिशिन इलाके में एक और आतंकवादी हमले को टाल दिया है।



उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करते हुए पिशिन में 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। बलूचिस्तान के सीएम मीर सरफराज बुगती ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म कर दिया जाएगा। शांति विरोधी तत्व अपने नापाक इरादों में विफल हो जाएंगे और इस घटना में शामिल लोगों को सख्त सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान दो दशकों से ज्यादा समय से हिंसा का सामना कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में बताया कि देश में इस साल अब तक 79 आतंकवादी हमले हो चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप 55 नागरिकों और 47 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है, जबकि 45 नागरिक और 81 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि इस साल अब तक आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 156 आतंकवादी मारे गए, 20 घायल हुए हैं और 60 अन्य गिरफ्तार किए गए हैं।

## प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान वायुसेना से बड़ी चूक, अपने ही देश में गिरा दिए 8 बम; मचा हड़कंप

सियोल,(आरएनएस)। दक्षिण कोरिया में वायु सेना की गलती से बड़ी घटना घट गई। वायु सेना के एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गुरुवार को फाइटर जेट (KF-16) से गलती से 8 बम गिर गए। इस घटना में किसी के भी जान जाने की खबर नहीं है परंतु 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। वायु सेना ने इस हादसे की जानकारी दी। वायु सेना ने खुद बताया कि यह घटना तब हुई जब केएफ-16 लड़ाकू विमान से प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान 8 एमके-82 बम अनजाने में छूट गए। हालांकि गनीमत ये रही कि सभी बम निर्धारित फायरिंग रेंज से बाहर जा गिरे। इस घटना में कुछ नागरिकों को ही चोटें आईं और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वायु सेना ने स्पष्ट किया कि यह एक मानवीय या तकनीकी गलती थी, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। वायु सेना के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा, हमें इस घटना पर गहरा अफसोस है। हम प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताते हैं। घायलों की सटीक संख्या और नुकसान का आकलन अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कई लोगों के चोटिल होने की बात सामने आई है।

## डेनमार्क ने ट्रंप को दिया दो टूक जवाब, 'ग्रीनलैंड कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

ओस्लो,(आरएनएस)। डेनमार्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने के लिए किए गए नए प्रयासों को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि उनका प्रशासन ग्रीनलैंड के लोगों के अपने भविष्य को निर्धारित करने के अधिकार का पुरजोर समर्थन करेगा। उन्होंने कहा, और यदि आप चाहें, तो हम आपका संयुक्त राज्य अमेरिका में स्वागत करते हैं।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने ट्रंप के बयान को लेकर डेनमार्क की स्थिति को स्पष्ट किया और कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य केवल वहां के लोगों का फैसला होगा। उन्होंने कहा, ग्रीनलैंड ग्रीनलैंड के लोगों का है। यह एक ऐसा रुख है जिसका हम डेनिश सरकार की ओर से बहुत दृढ़ता से समर्थन करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने भी ट्रंप के दावे को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ग्रीनलैंड के लोग अमेरिका का हिस्सा बनने की इच्छा नहीं रखते हैं। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रॉल्स लुंड पॉल्सन ने भी इस बात को दोहराया और कहा, ग्रीनलैंड कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

## राष्ट्रपति दिसानायके के निमंत्रण पर अप्रैल में श्रीलंका दौरे पर जा सकते हैं पीएम मोदी

कोलंबो(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के निमंत्रण पर अप्रैल के पहले सप्ताह में श्रीलंका की यात्रा पर जा सकते हैं। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।पीएम मोदी की संभावित यात्रा से भारत-श्रीलंका संबंधों में मजबूती आने के साथ ही दोनों पड़ोसी देशों के बीच जन-केंद्रित साझेदारी को गति मिलने की उम्मीद है।माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी थाईलैंड से वापस आते समय कोलंबो पहुंच सकते हैं।बैंकॉक में 2 से 4 अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन का छठा आयोजन होगा।दिसानायके ने दिसंबर में तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सुविधानुसार जल्द श्रीलंका की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था। सितंबर 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद दिसानायके की यह पहली विदेश यात्रा थी। दोनों नेताओं ने अपनी चर्चाओं के दौरान भारत-श्रीलंका देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और संबंधों को मैत्रीपूर्ण बनाने पर सहमति जताई।

# बंधकों को रिहा करो वरना तुम्हारा काम खत्म', राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को दी आखिरी चेतावनी





वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने साफ तौर पर कह दिया है कि हमास गाजा में रखे गए इजरायल के सभी बंधकों को वापस लौटा दे। वरना उसका काम खत्म हो जाएगा। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इससे ठीक पहले व्हाइट हाउस ने बताया है कि ट्रंप ने हमास के साथ प्रत्यक्ष वार्ता के लिए एक दूत भेजा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हमास की कैद से छूटे 8 बंधकों के साथ बैठक की थी। इसके तुरंत बाद ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा- शालोम हमास, इसका मतलब है नमस्ते और अलविदा- आप चुन सकते हैं। सभी बंधकों को अभी रिहा करें, बाद में नहीं, और जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत लौटा दें, अन्यथा आपके लिए सब कुछ खत्म हो जाएगा। केवल बीमार और विकृत लोग ही शवों को रखते हैं, और आप बीमार और विकृत हैं। मैं इजरायल को वह सब कुछ भेज रहा हूँ जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए। अगर आप मेरे कहे अनुसार काम नहीं करते हैं तो हमास का एक भी सदस्य सुरक्षित नहीं रहेगा। मैं अभी आपके पूर्व बंधकों से मिला हूँ, जिनकी जिंदगी आपने बर्बाद कर दी है। यह आपको आखिरी चेतावनी है।

ट्रंप ने ये टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिकी अधिकारी हमास के साथ बातचीत और विचार-विमर्श में लगे हुए हैं। इससे पहले अमेरिका की लंबे समय से नीति चली आ रही थी कि आतंकवादी समूह से सीधे तौर पर न जुड़ा जाए। ये बातचीत कतर की राजधानी दोहा में हो रही है। साल 1997 में अमेरिका ने हमास को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था। उसके बाद से यह अमेरिका और हमास के बीच पहली ज्ञात प्रत्यक्ष बातचीत है।

## बांग्लादेश चाहता है भारत से मजबूत संबंध, ढाका को जल्द वीजा बहाली की उम्मीद

ढाका, (आरएनएस)। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना चाहता है और वे इस बारे में हमेशा स्पष्ट रहे हैं।



स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हुसैन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय उच्चायोग जल्द ही बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना फिर से शुरू कर देगा। उन्होंने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विचारों को दोहराया। यूनुस ने कहा था कि भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए हुसैन ने कहा, मुख्य सलाहकार की ओर व्यक्त किए गए विचार हमारे रुख को दर्शाते हैं। मैंने पहले भी आपसी सम्मान के आधार पर रचनात्मक कार्य संबंध की जरूरत पर जोर दिया है। बाकी बातें समय के साथ सामने आएंगी। दोनों पक्षों के अपने-अपने हित हैं और रिश्ते उसी के अनुसार विकसित होंगे। भारतीय उच्चायोग की तरफ से वीजा सेवाओं की बहाली के बारे में किसी भी अपडेट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ऐसी जानकारी भारत से आनी चाहिए। हमने वीजा संबंधी जटिलताएं पैदा नहीं की हैं। वीजा जारी करना एक संप्रभु विशेषाधिकार है। यदि कोई देश कुछ व्यक्तियों या समूहों को वीजा न देने का निर्णय लेता है, तो यह उसका अधिकार है, और कोई आपत्ति नहीं उठाई जा सकती।

# कलेक्टर ने अस्पताल, आंगनबाड़ी, गौशाला और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

## मरीजों को प्रदान की जाएं बेहतर सेवाएं : कलेक्टर बालागुरू के
## आमजन के राजस्व संबंधी कार्यों का समय सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर अनुभाग की दोराहा एवं श्यामपुर तहसील कार्यालय तथा दोराहा के निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने दोराहा अस्पताल, श्यामपुर के आंगनबाड़ी केंद्र, झरखेड़ा स्थित गौशाला सहित अनेक स्थानों का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### दोराहा, श्यामपुर तहसील कार्यालय एवं निर्माणाधीन तहसील भवन का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने दोराहा एवं श्यामपुर तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन के सभी राजस्व संबंधी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व संबंधी काम समय सीमा में किए जाएं ताकि आमजन को पेरशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी सभी कार्यवाही का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखों का बेहतर ढंग से संधारण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के ने दोराहा तहसील कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का परीक्षण करने के लिए कहा।

### मरीजों को मिलें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

कलेक्टर बालागुरू के ने दोराहा स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चिकित्सकीय सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ की उपस्थिति देखी तथा उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता की स्थिति और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की भी विस्तार से जानकारी लेते हुए मरीजों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा वितरण कक्ष, एक्सरे रूम, स्टोर रूम, विजिटर रूम, डॉक्टर रूम, ओपीडी रूम सहित संपूर्ण अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टॉप को मरीजों से संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने श्यामपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को प्रदाय किया जाने वाले पोषण आहार वितरण की जानकारी लेते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का वातावरण बच्चों के अनुकूल बनाने के लिए कहा, ताकि उनका समग्र विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# नवनिर्मित दोराहा नदी पर बने पुल को विधायक ने किया जनता के लिए समर्पित

### विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी के साथ बेहतरीन पुल का निर्माण : राय



सीहोर (निप्र)। दोराहा नदी पर पुल बनकर तैयार हो गया है। जनता की वर्षों पुरानी मांग को विधायक सुदेश राय ने पूरा कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा 2 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक लागत राशि से इस पुल का निर्माण किया है। गुरुवार को विधायक सुदेश राय ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान रिवीन काटकर नवनिर्मित बहु उपयोगी पुल दोराहा सहित आसपास के ग्राम वासियों को समर्पित कर दिया है। दोराहा क्षेत्र सहित आसपास के हजारों लोगों के द्वारा बरसों से दोराहा नदी पर बने जर्जर पुल को लेकर खतरा महसूस किया जा रहा था। जर्जर पुल के चलते हादसे भी हो रहे थे। क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों नागरिकों समाजसेवियों ने विधायक सुदेश राय को समस्या से अवगत कराया था। विधायक सुदेश राय के द्वारा लोक निर्माण विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इस संबंध में पत्र लिखा गया। उन्होंने पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया और परिणाम स्वरूप विधायक सुदेश राय के अनुरोध पर शासन के द्वारा दोराहा बायपास मार्ग पर उतावली नदी के ऊपर जलमग्नीय पुल एवं पहुँच मार्ग का निर्माण किया गया। पुल उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी के साथ बेहतरीन पुल का निर्माण किया गया है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने कालेज प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

### भुगोल प्रोगिकि ( प्रक्टीकल ) एटी-केटी में हो सुधार : कालेज अध्यक्ष हिमांशु जाटव

सीहोर( निप्र)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीहोर द्वारा आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सलेंस पीजी कॉलेज सीहोर में कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु जाटव के नेतृत्व में कालेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि बीए प्रथम वर्ष के भूगोल प्रायोगिक (प्रक्टिकल एटी-केटी) आ गई है। छात्र - छात्राओं ने पहले भी इस विषय के पेपर दिए थे, परन्तु 20 से अधिक छात्र-छात्राओं का बीयु के द्वारा पुर्व एटी-केटी का परीक्षा परिणाम ही रिपीट कर दिया गया है, जिसके कारण एक ही विषय में पुनः भुगोल प्रोगिकि (प्रक्टीकल) में एटी-केटी आ गई है। छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान दो दिन में किया जाए। अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन व कालेज प्रबंधन की रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला संयोजक बलवीर राजपूत, नगर सहमंत्री कुशल मोटवानी, विशाल यादव सहित नगर के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

सीहोर (निप्र)। वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को जिला मुख्यालय सीहोर एवं तहसील न्यायालय आष्टा, भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर में किया जावेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार किया जायेगा। विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत हेमंत जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में एनआईएक्ट धारा-138, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत, जल कर एवं सम्पत्ति कर आदि के प्रिलिटिगेशन प्रकरण आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जैसे 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत और जलकर, सम्पत्ति कर के प्रकरण, हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत राजीनामा योग्य प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, सर्विस मेटर से सम्बंधित व अन्य सिविल प्रकरण आदि रखे जावेगे।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

सीहोर (निप्र)। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्क छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑन लाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय यूपीएवाय ऐप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण की पुख्ता व्यवस्था की गई है। उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। विद्युत अधिनियम- 2003 की धारा 136 में यह प्रावधान है कि 'अनुज्ञप्तिधारी या स्वामी की सहमति के बिना कोई इलेक्ट्रिक लाइन, सामग्री या मीटर को हटाएगा या अन्यत्र जगह लगाता है, चाहे वह कार्य लाभ या अभिलाभ के लिए किया गया हो या नहीं, तो इसे विद्युत लाइनों और सामग्री की चोरी का अपराध कहा जाएगा और वह कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

# कुमकुम ने सीएसीपीटी परीक्षा पास कर जिले को किया गौरवान्वित



सीहोर (निप्र)। सीहोर स्थित सीएम राइज मनुबेन स्कूल में सत्र 2023-24 में कक्षा 12वीं की छात्रा रहीं कुमारी कुमकुम वर्मा ने जनवरी-2025 की चार्टेड अकाउंटेंट के लिए आयोजित सीपीटी परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक संचालक सुश्री सलोनी शर्मा सहित विद्यालय के प्राचार्य दीप सिंह राठौर एवं अन्य शिक्षा अधिकारियों तथा शिक्षकों ने कुमारी कुमकुम वर्मा को इस सफलता के लिए बधाई दी है।

## नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी : राय

### कचरा गाड़ी को विधायक ने दिखाई हरी झंडी, दोराहा पंचायत क्षेत्र में दौड़ेगी अब कचरा गाड़ी



सीहोर(निप्र)। दोराहा ग्राम पंचायत को विधायक सुदेश राय ने कचरा वाहन प्रदान किया है। विधायक सुदेश राय ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर कचरा वाहन को रवाना किया। ग्राम पंचायत दोराहा के सरपंच कलीम पठान सहित पंच और ग्रामीण जन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्षेत्र में स्वच्छता साफ सफाई का होना जरूरी है। अब कचरा गाड़ी बाजार में पहुंचेगी और कस्बा क्षेत्र के गली मोहल्ले में घर-घर पहुंच कर कचरा एकत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियन को आगे बढ़ा रहे हैं। स्वच्छता बनाए रखना हम सब का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनपतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

# पानी चोरी रोकने नपा का अमला काहिरी डेम में बोटिंग से कर रहा निरीक्षण

## आरक्षित जलाशयों से पानी चोरी, नगरपालिका सख्त, दर्ज होगी एफआईआर

सीहोर(निप्र)। शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शहर के पेयजल के लिए सुरक्षित प्रमुख जल स्रोतों काहिरी बंधान पर नगरपालिका के द्वारा टीम ने नावों से निरीक्षण की कार्रवाई शुरू कर दी है। गत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के अलावा पार्षदों और पेयजल प्रभारी आदि ने निरीक्षण किया था, लेकिन गुरुवार से नगर पालिका ने 18 सदस्यीय टीम का गठन कर बोटिंग के माध्यम से काहिरी डेम का निरीक्षण किया।



काहिरी और भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी नहीं रूक रही है। गत दिनों नगर पालिका की टीम ने भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी करती सात-आठ मोटर हटाई थी। नगर पालिका के अमले ने पानी की चोरी करने वाले किसानों को भी सख्त हिदायत दी है कि वे पेयजल सप्लाई के लिए संरक्षित पानी से सिंचाई का काम बंद करें। यदि फिर से पानी की चोरी की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेयजल स्त्रोतों से आरक्षित पानी लगातार चोरी हो रहा है। नदी, नालों और डैमों में बड़ी-बड़ी पानी की मोटर डाल कर पानी की चोरी की जा रही है। यदि इसी रफ्तार से पानी चोरी होती रही तो आने वाले दिनों में शहर के लिए आरक्षित पानी भी खत्म हो जाएगा। भीषण गर्मी के दौर में जलसंकट गहराने के हालात बन सकते हैं। इन शिकायतों को लेकर नपा सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने आरक्षित जलाशयों से पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ जलाशयों के निरीक्षण से नावों से कर्मचारियों को तैनात कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। पूर्व में भी कार्रवाई कर पाइप जब्त कर नगर पालिका की सुपुर्दगी में दिए थे।

जानकारी के अनुसार बीते साल जिले में सामान्य से कम वर्षा रही, आगामी गर्मियों में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए पानी सहेजना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महिनों से जल स्त्रोतों में से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है और इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं। ऐसे में प्रशासन की अनदेखी कहीं गर्मियों में सीहोर शहर में जल संकट खडा न कर दे। देखने में यह आ रहा है कि बीते कुछ माहिनों से शहर की प्यास बुझाने वाले काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। कई तालाब में मोटर और पाईप डालकर रोजाना पानी चोरी किए जा रहे हैं। जमोनिया डेम में अनेकों किसानों पाईन लाईन और बिजली तार बिछा रखे हैं यह किसान बड़ी मात्रा में तालाब से पानी चोरी कर रहे हैं।सीहोर नगर में जमोनिया तालाब द्वारा कई वार्डों में पीने और इस्तेमाल का पानी प्रदाय किया जाता है।

## 12 प्रांतों के कवि करेंगे सरस्वती का गुणगान

सीहोर (निप्र)। सीहोर की साहित्यिक संस्था म.प्र.शासन से मान्यता प्राप्त म.प्र.साहित्य साधना मंच, सीहोर (रजि.) राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद भारत के संयुक्त के तत्वावधान में अखिल भारतीय सामाजिक समरसता एवं साहित्यिक अधिवेशन तथा सम्मान समारोह जे.के अस्पताल परिसर आडोटोरियम (एल एन सी टी समूह) भोपाल में 9 मार्च 2025, रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।जिसमें भारत के 12 प्रांतों के गीतकार, गज़लकार, हास्य व्यंग्यकार, छंद, मुक्तक आदि के कवियों द्वारा महफ़िल सजेगी। साहित्य साधना मंच सीहोर के संस्थापक सुरेश जायसवाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साहित्य साधना मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक व्यग्र के कुशल नेतृत्व , जिला अध्यक्ष डॉ अनीस खान सीहोर के मार्ग दर्शन एवं, राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद की प्रदेशाध्यक्ष राजकुमारी चौकसे के प्रयास से राष्ट्रीय अध्यक्ष वृंदावन राय , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीमा शिवहरे सुमन , सुरेश अजनबी भोपाल की प्रेरणा से उक्त कार्यक्रम होने जा रहा है। जिसमें म.प्र.उर्दू साहित्य अकादमी की निर्देशक डॉ. नुसरत मेहदी भोपाल मुख्य अतिथि ,अखिल भारतबर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे, अतिविशिष्ट अतिथि दिलीप जायसवाल मंत्री म.प्र शासन, श्रीमती मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल, अध्यक्षता कौंतेय जायसवाल अम्बिकापुर, विशिष्ट अतिथि डॉ अर्चना जायसवाल इंदौर, अखिलेश राय सीहोर,कल्पना राय भोपाल, ईश्वर दयाल गोस्वामी सागर,गीरजा शंकर राय झांसी,सुरेश चौकसे भोपाल, प्रो. डॉ. आर. एन. शिवहरे जबलपुर,कवि एवं समीक्षक संजय आरजू व कवयित्री सविता धर धनबाद विशिष्ट अतिथि, ईश्वर दयाल गोस्वामी सागर, गीतकार सुदामा दुबे, नीलेश राय भोपाल, विपिन राय, प्रकाश राय स्वागताध्यक्ष रहेगें। कार्यक्रम का कुशल संचालन शंकर लाल राय करेंगे। साहित्य साधना मंच की उपाध्यक्ष साक्षी जैन ने बताया कि पूरे भारत वर्ष से 55 कवि इस विशाल कार्यक्रम में सामाजिक समरसता एवं साहित्य सृजन परिदृश्य में कलचुरि साहित्यकारो का योगदान विषय पर व्याख्यान डॉ राधेश्याम जायसवाल कुलाधिपति नालंदा विश्वविद्यालय मथुरा,प्रो गुलाब चंद जायसवाल वाराणसी,पवन नयन जायसवाल अमरावती विचार व्यक्त करेंगे, साथ ही आखिर हिंदी क्यों विषय पर कविगण रचना पाठ करेंगे। इसी अवसर पर साहित्यिक रणभूमि के अपराजित कलमकारों को सरस्वती काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ राजलक्ष्मी शिवहरे जबलपुर, प्रो डॉ वनीता चौपड़ा करनाल, विनोद नयन जबलपुर, डॉ सतीश शमी इटारसी, कुमार जगदलवी रायपुर, नितेश नैश भोपाल, डॉ गणेश राय दमोह, सुजीत जायसवाल कौशाम्बी, लखमीचंद चौधरी कुरावर, रचना राय वंडा, सुरेश सोनपुरे अजनबी,उदेश राय चेन्नई, कल्पना कटकवार, संदीप मेवाड़ा सीहोर करेंगे।

# सीहोर गर्ल्स ने सीहोर चिल्ड्रन को रोमांचक मैच में 1-0 से हराया




सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर लंबे समय से प्रशिक्षण शिविर के साथ-साथ ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर गर्ल्स की टीम ने सीहोर चिल्ड्रन को 1-0 से हराया। वहीं एक अन्य मैच भी कांटे की टक्कर का खेला गया था। जिसमें सीहोर रेड की टीम ने सीहोर ग्रीन को 2-1 से हराया। सीहोर रेड की ओर से मोहित कुशवाह और कान्हा ने 1-1 गोल किया था। वहीं एक सीहोर गर्ल्स की ओर से दिशा गौर ने 1 गोल किया। मैच के अंत में जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को दोनों ही मैच रोमांचक रहे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर गर्ल्स और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया था। इस मुकाबले में पहले ही हाफ में दिशा गौर ने 1 गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वहीं सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने अनेक गोल करने के प्रयास किए, लेकिन असफल रहे। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया था। इस मैच में सीहोर ग्रीन की ओर से मैच का पहला गोल 10 वें मिनिट में शुभ ने किया और टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन अंतिम समय में सीहोर रेड की टीम ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन करते हुए कांटे की टक्कर के यह मुकाबले को 2-1 से जीत लिया। इसमें सीहोर रेड की ओर से मोहित कुशवाहा और कान्हा ने 1-1 गोल किया था।

## कार्य में लापरवाही के चलते तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, एक अधिकारी निलंबित

सीहोर (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल वृत्त के उप महाप्रबंधक भेरूंदा राजेश अग्रवाल,ललरिया वितरण केंद्र के मैनेजर सुशील वर्मा और लाड़कुई वितरण केन्द्र के जूनियर इंजीनियर पंकज कटियार को लापरवाही और कार्य के प्रति सजग नहीं रहने के आरोप में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह गुनगा के जूनियर इंजीनियर नितेश पलारिया को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई भोपाल ग्रामीण वृत्त की समीक्षा बैठक के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने की। प्रबंध संचालक श्री सिंघल ने समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट संदेश दिया की बिलिंग एफिशिएंसी (दक्षता) तथा कलेक्शन एफिशिएंसी में कमी को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खराब तथा जले मीटर बदलें और उपभोक्ताओं को दी जा रही बिजली की प्रत्येक यूनिट बिक्रित यूनिट में परिवर्तित होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने किसानों को 5 रूपये में दिए जा रहे स्थाई पंप कनेक्शन के बारे में कहा कि इसके अंतर्गत अधिक से अधिक कृषकों को कनेक्शन प्रदान करें और जहां नियमित कनेक्शन देने की कार्रवाई में अड़चन आ रही है, वहां अस्थायी कनेक्शनन अवश्य प्रदान करें।

## लैपटॉप वितरण योजना के तहत मेधावी छात्रा रोशनी को मिली 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

### रोशनी के नीट के सपने को साकार करने में मददगार बन रही लैपटॉप वितरण योजना

सीहोर (निप्र)। सरकार द्वारा नागरिकों के कल्याण के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। निशुल्क लैपटॉप वितरण योजना भी प्रदेश सरकार की उन योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए सरकार द्वारा 25 हजार रूपये की राशी प्रदान की जाती है। प्रदेश सरकार की इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और डिजिटल युग में उनकी पढ़ाई को तकनीकी सहायता देना है। सीहोर निवासी कुमारी रोशनी डुडवे भी उन मेधावी विद्यार्थियों में से एक जिन्हें मेधावी छात्र लैपटॉप वितरण योजना के तहत 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस राशि से रोशनी ने अपने लिए एक अत्याधुनिक लैपटॉप खरीदा है, जो न केवल उनकी आगे की पढ़ाई में सहायक बन रहा है, बल्कि उनके करियर के सपनों को भी नई दिशा देने का माध्यम भी बन रहा है। कुमारी रोशनी डुडवे ने हाल ही में 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मेधावी छात्रा की श्रेणी में अपना स्थान बनाया। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद रोशनी की लगन और मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com